● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 148, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार , 06 जुलाई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



महराष्ट्र में भाषा विवाद को लेकर बड़ा फैसला 5

दूसरे टेस्ट में भारत ने की दमदार वापसी 6

## ग्वालियर-चंबल क्षेत्र बनेगा विकास का नया केंद्र : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर को दी 265.56 करोड़ लागत के विकास कार्यों की सौगात

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। हम सबके जीवन में उजाला लाने के लिए कटिबद्ध हैं। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र शीघ्र ही राज्य का सबसे विकसित क्षेत्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय किसानों से अपील की कि वे अपनी जमीन बेचने की कतई न सोंचे, क्योंकि इस क्षेत्र में शीघ्र ही रोजगार के नए अवसर और विकास की नई धाराएं बहने वाली हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्वालियर के आईएसबीटी परिसर में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां 265.56 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।



उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को मंच से हितलाभ भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नदियों को जोड़ने का अभियान चल रहा है। केंद्र सरकार की मदद से यहां पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदियों को आपस में जोड़ने की राष्ट्रीय नदी लिंक परियोजना पर करीब 70 हजार करोड़ रुपये की लागत से काम किया जा रहा है। साथ ही केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी लिंक परियोजना से भी ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के किसानों को व्यापक स्तर पर लाभ मिलने वाला है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस क्षेत्र के बीहड़ों को अब बेहतर तरीके से विकसित किया जा रहा है। यहां के बीहड़ों में जल्द ही केंद्र सरकार के सहयोग से 2000 मेगावाट क्षमता का एक बड़ा सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। यह मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की संयुक्त परियोजना होगी। इस परियोजना से दोनों ही प्रदेशों को ऊर्जा आपूर्ति होगी। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश 6-6 माह बराबरी से इस परियोजना से उत्पादित बिजली का उपभोग करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आगरा से ग्वालियर के बीच बन रहे नये सिक्स-लेन नेशनल हाई-वे के चलते बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने इस क्षेत्र में बड़ा निवेश करने में अपनी रुचि दिखाई है। इससे यहां तेजी से औद्योगिक विकास होगा और इस क्षेत्र का कायाकल्प भी सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर के गौरवशाली अतीत का स्मरण करते हुए कहा कि यह भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मभूमि और राजमाता विजयाराजे सिंधिया की कर्मभूमि रही है। प्रदेश की धरती से भारत के विकास का दीपक अटलजी के रूप में प्रज्ज्वलित हुआ था। भारत मानवता के लिए जीता है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने तीन-तीन देशों से लड़ाई लड़ी। सर्जिकल स्टाइक में पाकिस्तान को माकूल जवाब देने के लिए हमारे सुखोई विमान ग्वालियर से ही उड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण के लिए सरकार ने शुक्रवार को ही 94 हजार से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए राशि दी है। उन्होंने ग्वालियर की जनता को बधाई देते हुए कहा कि वाकई यहां अतिभव्य आईएसबीटी लोकार्पित हुआ है।

## भाजपा को जल्द मिलेगा नया अध्यक्ष, अंतिम चरण में प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को जल्द ही नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है, क्योंकि पार्टी ने अपने संविधान के अनुसार अधिकांश राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली है। 2024 के लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद से ही पार्टी के भीतर कई संभावित नामों पर चर्चा चल रही है। वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2023 में खत्म हो गया था, लेकिन आम चुनावों को देखते हुए इसे जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था। इस कार्यकाल को दोबारा बढ़ाया गया, जिससे वह अभी तक इस पद पर बने हुए हैं।

पार्टी अब तक 26 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर चुकी है, जिससे राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने का रास्ता साफ हो गया है। इस पद के लिए जिन नामों पर चर्चा हो रही है, उनमें शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव और धर्मेंद्र प्रधान जैसे कुछ केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता शामिल हैं। इसके अलावा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल और विनोद तावड़े के नाम भी संभावितों में शामिल हैं।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, नया अध्यक्ष चुनते समय तीन मुख्य बातों पर ध्यान दिया जा रहा है - संगठनात्मक अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन और जातीय समीकरण। पार्टी जल्द ही एक केंद्रीय चुनाव समिति भी बना सकती है, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया की निगरानी करेगी। यह समिति नामांकन, जांच और जरूरत पड़ने पर मतदान की प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाएगी। भाजपा ने हाल ही में संगठनात्मक चुनावों की शुरुआत की है, जिसकी शुरुआत देशभर में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति से हुई।

भाजपा के संविधान के मुताबिक, मंडल स्तर पर चुनाव होने के बाद जिला अध्यक्ष चुने जाते हैं। जब आधे जिलों में चुनाव हो जाते हैं, तब प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होता है और जब आधे से ज्यादा राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष बन जाते हैं, तभी राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव किया जा सकता है। दो जुलाई को भाजपा ने अपने संगठन के पुनर्गठन के दूसरे चरण के तहत सात राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में नए प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा की थी। इससे पहले पार्टी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मिजोरम, पुडुचेरी और अंडमान व निकोबार द्वीप समूह में भी नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर चुकी है।

## हम साथ आए हैं, हम साथ रहेंगे

### राज ठाकरे के साथ 20 साल बाद मंच साझा करने पर बोले उद्धव

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार की ओर से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने के लिए दो सरकारी प्रस्तावों को रद्द करने के बाद उद्धव ठाकरे गुट (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने मुंबई के वर्ली डोम में एक संयुक्त रैली की। पहले राज ठाकरे ने रैली को संबोधित किया और कहा कि आज 20 साल बाद मैं और उद्धव एक साथ आए हैं। जो काम बालासाहेब नहीं कर पाए, वो देवेंद्र फडणवीस ने किया... हम दोनों को साथ लाने का काम।

इसके बाद शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रैली को संबोधित किया। उन्होंने



कहा कि हम साथ आए हैं, हम साथ रहेंगे। हम साथ रहने के लिए ही साथ आए हैं। उद्धव ठाकरे ने कहा, हमारी ताकत हमारी एकता में है, जब भी कोई चुनौतीपूर्ण समय आता है, हम सभी एक साथ आते हैं, लेकिन हम सभी ने अनुभव किया है कि जब चुनौतीपूर्ण समय बीत जाता है, तो हम सभी अपने निजी हितों के लिए जाते हैं, जो इस बार नहीं होना चाहिए। उद्धव ठाकरे ने कहा, जब से हमने इस कार्यक्रम की घोषणा की थी, तब से सभी को आज हमारे भाषण का बेसब्री से इंतजार था, लेकिन मेरे विचार से हम दोनों का एक साथ आना और यह मंच हमारे भाषणों से ज्यादा महत्वपूर्ण था। राज ठाकरे पहले ही बहुत शानदार भाषण दे चुके हैं और मुझे लगता है कि अब मुझे बोलने की कोई जरूरत नहीं है।

उद्धव ठाकरे ने कहा, आप (शिवसेना) पहले ही हमारा काफी इस्तेमाल कर चुके हैं। अगर आपको बालासाहेब ठाकरे का समर्थन नहीं था, तो महाराष्ट्र में आपको कौन जानता था।

## नीरव का भाई नेहल मोदी अमेरिका में गिरफ्तार

**वॉशिंगटन।** भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी के भाई नेहल मोदी को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई और ईडी के प्रत्यर्पण के अनुरोध के बाद उन पर शिकंजा कसा गया है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, भगोड़े आर्थिक अपराधी नीरव मोदी के भाई को 4 जुलाई को अमेरिकी अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से संयुक्त रूप से किए गए प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद हुई। अमेरिकी अभियोजन पक्ष की ओर से दर्ज की गई शिकायत के मुताबिक, प्रत्यर्पण की कार्यवाही दो मामलों में की जा रही है।

## हमेशा मजबूती से बात करता है भारत : पीयूष

**बंगलूरू।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत हमेशा मजबूत स्थिति के साथ बातचीत करता है और किसी भी तरह की समय सीमा के दबाव में नहीं रहता है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में कांग्रेस ने ऐसे समझौतों पर बातचीत की और उन्हें मंजूरी दी जो देश के हित में नहीं थे।

गोयल की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब एक दिन पहले उन्होंने कहा था कि भारत अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को तभी मानेगा, जब वह पूरी तरह से तय हो जाए कि वह देशहित में है। उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भारत



किसी समयसीमा के तहत बातचीत नहीं करता। हम बातचीत करते समय देशहित को ध्यान में रखते हैं और हमारे लिए देशहित सबसे ऊपर होता है। उन्होंने यह भी कहा कि (केंद्र की नरेंद्र) मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद भारत ने मॉरिशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के ईएफटीए समूह (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन) और हाल ही में ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

गोयल के मुताबिक, भारत अब भी अन्य विकसित देशों के साथ बातचीत कर रहा है, जिनमें 27 देशों वाला यूरोपीय संघ, अमेरिका, ओमान, पेरू और चिली शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत आत्मविश्वास के साथ बातचीत करता है। हम आत्मनिर्भर हैं और दुनिया के किसी भी देश से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। यह वह कमजोर भारत नहीं है, जो कांग्रेस और यूपीए के समय था, जब देशहित को नजरअंदाज कर समझौते किए जाते थे। इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा।

## दोषियों के खिलाफ होगी कठोर कार्यवाही : सिंह

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने शहडोल जिले के ब्यौहारी के सकंदी सरकारी हाई स्कूल में शाला की मरम्मत के मामले में अनियमितता का प्रकरण सामने आने पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुशासन वाली सरकार में किसी भी तरह की अनियमितता या गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि उनके संज्ञान में शहडोल जिले के एक सरकारी हाई स्कूल में मरम्मत के दौरान अनियमितता का मामला उनके संज्ञान में आया है।

### नई रणनीति से बढ़ रही कांग्रेस

## संप्रदायवाद को बढ़ावा देने वालों को सत्ता से बेदखल करेगी जनता : राज बब्बर

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर पहुंचे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नई रणनीति के तहत आगे बढ़ रही है। उम्मीद है पार्टी जनता को जोड़ने में सफल होगी। तानाशाह और संप्रदायवाद को बढ़ावा देने वालों को सत्ता से बेदखल करेगी। उन्होंने आगे कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के जरिए कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। यह



ऊर्जा कांग्रेस पार्टी को जन समर्थन दिलाएगा। जन समर्थन के जरिए भाजपा का सफाया होगा। कांग्रेस हमेशा सर्व समाज की बात करती रही है। पार्टी को जोड़ने में भरोसा है, इसलिए वह तोड़ने वालों को सबक सिखाएगी। राज बब्बर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में फिर से कांग्रेस का प्रथम लहराने के लिए आज से ही संकल्प लेना होगा। समारोह में शपथ लेने वाले हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी बढ़ गई है।

## शुभांशु शुक्ला ने किया हड्डियों पर गुरुत्वाकर्षण के असर का अध्ययन

### बीमारियों के इलाज में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली।** ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत अभी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर हैं। एक दिन के आराम के बाद वह अपने साथियों के साथ अंतरिक्ष में हड्डियों पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण (माइक्रोग्रैविटी) के असर का अध्ययन कर रहे हैं। यह प्रयोग यह जानने के लिए किया जा रहा है कि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण की कमी से हड्डियों पर क्या असर पड़ता है और यह जानकारी धरती पर ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की बीमारी) जैसी बीमारियों के उपचार में कैसे मदद कर सकती



है। मिशन के दसवें दिन शुक्ला ने एक और प्रयोग में हिस्सा लिया, जिसमें आईएसएस पर विकिरण (ऊर्जा का उत्सर्जन और उसका एक जगह से दूसरी जगह फैलना) के संपर्क की निगरानी की गई। यह प्रयोग यह जानने के लिए किया गया है कि लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने वाले अंतरिक्ष यात्रियों को विकिरण से कैसे बेहतर सुरक्षा दी जा सकती है।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में जन्मे शुभांशु शुक्ला (39 वर्षीय) एक्सिओम स्पेस की ओर से संचालित 14 दिन की इस अंतरिक्ष यात्रा का हिस्सा हैं। मिशन में उनका कोड नाम शक्स है और वह मिशन के पायलट की भूमिका निभा रहे हैं। इस मिशन की कमान अमेरिका की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पेगी व्हिटसन के हाथों में है। इस टीम में हंगरी के टिबोर कापु और पोलैंड के स्लावोस्ज उजनान्स्की-विस्निएव्स्की मिशन विशेषज्ञ के रूप में शामिल हैं।

एक्सिओम स्पेस के अनुसार, शुक्ला ने स्पेस माइक्रो एल्गी नामक एक प्रयोग के लिए नमूनों को अंतरिक्ष में स्थापित किया। यह सूक्ष्म जीवाणु भविष्य में अंतरिक्ष में जीवन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, क्योंकि ये भोजन, ईंधन और सांस लेने लायक ऑक्सीजन देने की क्षमता रखते हैं। लेकिन ऐसा तभी संभव होगा, जब यह समझा जाए कि ये सूक्ष्म जीवाणु अंतरिक्ष में कैसे बढ़ते और खुद को ढालते हैं।

## तमिलनाडु चुनाव के लिए पलानीस्वामी ने भरी हुंकार

### नए लोगो और नारे के साथ सीएम स्टालिन को दी चुनौती

**चेन्नई।** तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। सभी राजनीतिक



पार्टियों ने अपनी अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। आरोप-प्रत्यारोप भी अपने चरम पर है। इसी बीच एआईडीएमके ने भी चुनावी रण में अपनी तैयारी दिखाई है। एआईएडीएमके के महासचिव एडप्पडी के पलानीस्वामी ने शनिवार को 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत कर दी। पार्टी मुख्यालय एमजीआर मलिगै से उन्होंने अभियान का नया लोगो और नया नारा जारी किया है।

पलानीस्वामी ने घोषणा की कि उनका राज्यव्यापी अभियान नए नारे जनता की रक्षा करें, तमिलनाडु को बचाएं सात जुलाई से कोयंबटूर से शुरू होगा।

## गृह मंत्री ने किया कोऑपरेटिव यूनिवर्सिटी का भूमि पूजन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर त्रिभुवन कोऑपरेटिव यूनिवर्सिटी का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। यह कार्यक्रम गुजरात के आणंद जिले में आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। त्रिभुवन कोऑपरेटिव यूनिवर्सिटी कोऑपरेटिव (सहकारी) क्षेत्र से जुड़े युवाओं को उच्च शिक्षा और प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से बनाई जा रही है। यह देश की पहली यूनिवर्सिटी होगी जो खास तौर पर सहकारी क्षेत्र पर केंद्रित होगी। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान अमित शाह ने देश को एकजुट करने में सरदरा पटेल की भूमिका पर जोर दिया।

## बच्चों की सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

### जस्टिस सूर्यकांत बोले- अब बच्चों को गवाह नहीं, इंसान समझिए



**हैदराबाद।** देश में बच्चों के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। लेकिन दुख की बात यह है कि ऐसे मामलों में न्यायिक व्यवस्था और बच्चों की सुरक्षा का सिस्टम खुद बच्चों के लिए परेशानी का सबब बन जाता है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस सूर्यकांत ने इसी पर कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत का बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा ढांचा अभी भी बिखरा हुआ है और पूरी तरह सक्षम नहीं है। हमें बच्चों को सिर्फ गवाह नहीं, बल्कि पूरी देखभाल और सुरक्षा की जरूरत वाले इंसान की तरह देखने की सोच विकसित करनी होगी।

हैदराबाद में पॉक्सो कानून पर आयोजित स्टेट लेवल मीट 2025 के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में न्याय व्यवस्था को बच्चों के जख्मों को और न बढ़ाने वाला बनाना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक बच्चे सही मायनों में न्याय महसूस नहीं करते, तब तक हमारा काम अधूरा है।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सिर्फ अदालत के अंदर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उन्हें घर, स्कूल, मोहल्ले और समाज में हर जगह सुरक्षित महसूस कराना जरूरी है।

## अर्जेंटीना में पीएम मोदी का भव्य स्वागत

**ब्यूनस आयर्स।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विदेश दौरे के तीसरे चरण में दक्षिण अमेरिकी देश अर्जेंटीना पहुंचे हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने घाना और त्रिनिदाद एंड टोबैगो का दौरा किया था। पीएम मोदी इस देश में राष्ट्रपति और कई फुटबॉल खिलाड़ियों से भी मुलाकात करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को अर्जेंटीना के राष्ट्रीय नायक माने जाने वाले जनरल जोस डी सैन मार्टिन के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। जोस फ्रांसिस्को डी सैन मार्टिन वाई मैटोरस को दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र अर्जेंटीना, चिली और पेरू के मुक्तिदाता के रूप में भी जाना जाता है। पीएम मोदी शुक्रवार शाम को दो दिवसीय यात्रा पर अर्जेंटीना पहुंचे, इस दौरान वे



देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे, ताकि चल रहे सहयोग की समीक्षा की जा सके और प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की जा सके। यह 57 वर्षों में अर्जेंटीना में प्रधानमंत्री स्तर की पहली भारतीय द्विपक्षीय यात्रा है। प्रधानमंत्री के रूप में यह मोदी की देश की दूसरी यात्रा है; उन्होंने 2018 में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए यात्रा की थी। यह प्रधानमंत्री की पांच देशों की यात्रा का तीसरा पड़ाव भी है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पीएम मोदी रक्षा, कृषि, खनन, तेल और गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, व्यापार और निवेश सहित प्रमुख क्षेत्रों में भारत-अर्जेंटीना साझेदारी को और बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रपति माइली के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दूसरे से गले मिले, जब अर्जेंटीना के राष्ट्रपति ने राजधानी ब्यूनस आयर्स में प्रधानमंत्री का स्वागत किया। अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत हुआ। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माईली ने खुद पीएम मोदी को गले लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेताओं की यह मुलाकात आपसी सहयोग और दोस्ती को और मजबूत करने की दिशा में अहम मानी जा रही है। राष्ट्रपति माईली और पीएम मोदी के बीच बातचीत में व्यापार, निवेश और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अर्जेंटीना दौरे पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 1968 में ब्यूनस आयर्स की यात्रा को याद किया। रमेश ने यह भी याद किया कि अर्जेंटीना के अर्थशास्त्री राउल प्रीबिश, जो 1950 और 1960 के दशक में बहुत प्रभावशाली थे, जिन्होंने व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की स्थापना में मदद की थी। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ, एक ऐसा शब्द जिसका इस्तेमाल अब प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर करते हैं, यूएनसीटीएडी द्वारा प्रचारित किया गया था, हालांकि इसका पहली बार इस्तेमाल ब्रिटिश बैंकर ओलिवर फ्रैंक्स ने 1960 में किया था।

# बलियरी में विस्फोस्ट से शहीद हुए श्रमिकों के स्मारक परर पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

## दो मिनट का मौन रख शहीद श्रमिको के आत्मा की शांति के लिए की गई प्रार्थना

**सिंगरौली।** औद्योगिक क्षेत्र बलियरी में 5 जुलाई, 2009 को हुये भीषण विस्फोसट हादसे में 22 श्रम सेवक शहीद हो गये थे । शहीद श्रम सेवकों को गनियारी प्लााजा के पास के स्थित स्मृईति स्मा रक पर सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह, महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल, कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री , नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा एवं विभिन्न औद्योगिक कम्पधनियों के प्रतिनिधियों के द्वारा शहीदों के स्मुारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते श्रद्धांजलि दी गई है । तथा दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के आत्मु की शांति हेतु ईश्वतर से कमाना की गई ।



इस अवसर पर विधायक सिंगरौली श्री शाह ने श्रमिको श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हे याद किया। उन्होने कहा कि वो दिन अत्यन्त ही दुखद क्षण लेकर आया जब बलियरी विस्फोट मे हमारे 22 श्रमिक शहीद हो गये थे। ऐसी घटना दोबारा घटित न हो इसके लिए सभी कंम्पनियां सुरंक्षा व्यवस्था के संबंध मे विधिवत कार्यक्रमो आयोजन कर लोगो को जागरूक करे। समय समय पर अपने सुरक्षा व्यवस्था की जॉच करे। उन्होने कहा कि जिले मे स्थापित कम्पनियो सुरंक्षा नियमो का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करे। आज भी उस घटना को जिले के नागरिक भूल नही पाये है शहीद हुये श्रमिको के परिवारो से भेटकर उनके समस्याओ के संबध मे जानकारी लेकर उनका हर संभव मदद किया जाये।शहीद श्रमिको नमन करते हुयें महापौर ने कहा कि एक्सप्लोसिव की गाड़िया शहर के बीच से गुजरती है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती समय समय पर इनकी सुरंक्षा जॉच की जाये। सभी कंम्पनियो मे निर्धारित गाईड लाईन के अनुसार सुरंक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा समय समय पर सुरंक्षा व्यवस्था की आडिट भी कराये।

कलेक्टर श्री शुक्ला ने शहीद श्रमिको को नमन करते हुये कहा कि सभी कंम्पनिया सुरंक्षा नियमो अधिनियमो का शत प्रतिशत पालन करे।ताकि कोई भी दुर्घटना घटित न हो मै शहीद हुये श्रमिको को अंतरमन श्रद्धांजली अर्पित करता हू।उन्होने कहा कि जिस तरह से वाहन चलाते समय हेलमेट, बेल्ट से अपनी सुरंक्षा की जाती है उसी तरह से किसी भी कार्य सुरंक्षा अत्यन्त आवश्यक है। किसी भी दुर्घटना के होने पर अत्यन्त कष्ट होता है। सभी कम्पनियो को सुरंक्षा नियमो का पालन करना अनिवार्य है जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो इसके लिए कंम्पनियो के वरिष्ट अधिकारी सुरंक्षा नियमो की जॉच करे। साथ कहा गया कि जिला प्रशासन द्वारा भी समय समय पर औद्योगिक कम्पनियो की आकस्मिक रूप से सुरक्षा जॉच कराई जायेगी।इस अवसर पर नगर निगम के उपायुक्त आरपी बैस, समाजसेवी रतिभान प्रसाद, नगर निगम के सहायक यंत्री एस एन द्विवेदी, सहायक विधि अधिकारी अक्षत उपाध्याय , प्रभारी अधिकारी नवजीवन बिहार संतोष तिवारी, उपयंत्री अनुज सिंह, स्वच्छता निरीक्षक विशाल सोनी, एवं श्रम विभाग से श्रम अधिकारी एवं श्रमिको के परिजन एवं श्रमिक गण उपस्थित रहे।

# सिंगरौली पुलिस ने थाना क्षेत्रों में निकाला फ्लैग मार्च

## ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी से संवेदनशील स्थानों पर की जा रही है निगरानी

**सिंगरौली।** आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए आज दिन शनिवार को पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के मार्गदर्शन में शहरी क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया जो थाना बैढ़न, थाना विंध्यनगर, थाना नवानगर के क्षेत्रो में निकाला गया। इसी प्रकार जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के मुख्य चौराहों, बाजार एवं संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया।



जिला मुख्यालय सहित जिले के संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों तथा शहर के प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है।सिंगरौली पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर भी बारीकी से नजर रखी जा रही है। सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के द्वारा जिले के सभी गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की पोस्ट जो सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ सकती हो ऐसी पोस्ट, शेयर, कमेंट न करें एवं इस प्रकार की संदिग्ध गतिविधि प्रकाश में आने पर तत्काल पुलिस कन्ट्रोल रूम सिंगरौली या पुलिस स्टेशन पर सूचित करें। शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था की दृढ़ स्थापना के लिए एसडीओपी कृष्ण कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन पर निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह पर मोरवा बाजार समेत प्रमुख मार्गों, संवेदनशील चौक-चौराहों एवं मुहर्रम जुलूस मार्गों पर पुलिस बल के साथ कदम ताल किया गया। निरीक्षक ने बताया कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना का संचार करना, असामाजिक तत्वों में कानून का भय स्थापित करना एवं शांति-व्यवस्था के प्रति पुलिस प्रशासन की तत्परता को प्रदर्शित करना था।

# एनसीसी कैडेट्स ने रची देश भक्ति से ओत-प्रोत द अनटोल्ड पुस्तक

**शहडोल।** पंड़ित शंभूनाथ विश्व विद्यालय शहडोल के एनसीसी कैडेट्स के युवाओ ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि उनमें न केवल राष्ट्र की सेवा का जज्बा है, बल्कि साहित्यिक अभिव्यक्ति की शक्ति भी है। नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के उत्साही कैडेट्स द्वारा लिखी गई पुस्तक द अनटोल्ड का गत दिवस विमोचन किया गया, जो देशभक्ति, समर्पण और अनुशासन की अनकही कहानियों का संग्रह है। इस पुस्तक में विभिन्न राज्यों के एनसीसी कैडेट्स ने अपने अनुभवों, राष्ट्र के प्रति निष्ठा, सामाजिक कार्यों में भागीदारी और चुनौतियों से जूझने की प्रेरक कहानियों को साझा किया है। द अनटोल्ड न केवल एनसीसी के प्रशिक्षण और अनुशासन को दर्शाती है, बल्कि युवाओं के दृष्टिकोण से देशभक्ति को भी नई परिभाषा देती है।

इस पहल का उद्देश्य न केवल पाठकों को प्रेरित करना है, बल्कि अन्य युवाओं को भी राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। यह पुस्तक एक मिशन की तरह हैकृजिसमें हर कहानी एक नया संदेश और एक नई सोच लेकर आती है।

एनसीसी कैड्टेस के श्री गौरव मिश्रा ने बताया कि द अनटोल्ड पुस्तक में 1965 औश्र 1971 के युद्धो में एनसीसी कैडेट्स की भूमिका, उनकी वीरता, अनुषासन और समर्पण, 1948 से पहले के संघर्षों और विचारधाराओ, देषभक्ति के स्लोगन, देष के बलिदान हुए देष भक्तो आदि के बारे में समाहित किया गया है।

श्री राहुल सिंह ने बताया कि द अनटोल्ड पुस्तक में कैसे संकट के दौरान एनसीसी ने खुद की जान खतरे मे डालते हुए अपने आप को राष्ट्र के प्रती समर्पित कर दिया तथा देश के युवाओं को अनुशासन, सेवा और राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़े रखा साथ ही इस पुस्तक मे युद्ध के एक ऐसे वीर, निडर व साहसी एनसीसी कैडेट की शौर्यगाथा है समाहित है।

# पेयजल स्रोतों का क्लोरीनेशन कर पानी को बनाया जा रहा सुरक्षित

**शहडोल।** जिले में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेयजल स्रोतों का नियमित रूप से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमले क्लोरीनेशन का कार्य किया जा रहा है। हैंडपंप, नलकूप, कुएं एवं टंकियों में निर्धारित मात्रा में क्लोरीन का प्रयोग कर पानी को संक्रमण मुक्त किया जा रहा है। क्लोरीनेशन के माध्यम से जल में मौजूद हानिकारक जीवाणु एवं सूक्ष्मजीव नष्ट कर दिए जाते हैं, जिससे पानी पीने योग्य हो जाता है और जलजनित बीमारियों जैसे हैजा, डायरिया, टाइफाइड आदि की रोकथाम होती है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में सभी भागीदारी निभाएं : विश्वामित्र

सिंगरौली

5 जुलाई को विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत जियावन थाना परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक ने वृक्षारोपण किया साथ ही उपखंड मजिस्टेट, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं उपस्थित अधिकारियों ने भी वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान में सभी लोगों को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। पेड़



से छाया ऑक्सीजन तो मिलती ही है, जल संरक्षण एवं संवर्धन में सहायक होने के साथ ही मानव जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी है पेड़ के बिना सुरक्षित मानव जीवन की परिकल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अभियान के महत्व के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के महत्व को दर्शाता है। हम सभी को पेड़ लगाने और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए।इस अवसर पर अखिलेश कुमार सिंह एसडीएम देवसर, राहुल सैयाम एसडीओपी देवसर, कपूर त्रिपाठी टीआई थाना जियावन, प्रदीप सिंह नायब तहसीलदार देवसर, अखिलेश तिवारी उपयंत्री, राजमणि प्रजापति सरपंच नौढ़िया, रावेंद्र द्विवेदी सरपंच धनहां, वरुण द्विवेदी सरपंच सहुआर, शिवेश द्विवेदी, पंडित उपेंद्र शुक्ला सहित थाना के स्टाफ तथा गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# नारी सशक्तिकरण और जनजातीय गौरव दिवस के आमंत्रण पत्र में मेरा नाम नहीं छपवाना नारी व जनजातीय समाज का अपमान : सोनम

## कहा जिला प्रशासन और सत्ता में बैठे लोगों की शाजिस, यह अपमान छोटा नहीं, इसे जन-जन तक लें जाऊगी

**सिंगरौली।** जिला पंचायत सिंगरौली की अध्यक्ष सुश्री सोनम सिंह ने जिले के सरई में 4 जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित नारी सशक्तिकरण और जनजातीय गौरव दिवस के आमंत्रण पत्र में उनका नाम नहीं छापने को जिला प्रशासन और सत्ता के लोगों की साजिश करार दिया हैद्य जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री सोनम सिंह ने आज 5जुलाई की शाय एक होटल में प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मिडिया के पत्रकारों से कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आमंत्रण कार्ड में मेरा नाम नहीं मुद्रित कराना जिले की पूरी जनता, नारी व जनजातीय समाज की उपेक्षा है, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में प्रत्येक ग्राम पंचायत के लोग व जनजातीय समाज के लोग गए होगे, जबकि मैं लोकतान्त्रिक माध्यम से निर्वाचित होकर आयी हूँ द्य जिपं अध्यक्ष सुश्री सोनम ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से सवाल करना चाहती हूँ कि आप प्रदेश की आम जनता



के मुख्यमंत्री है या किसी विशेष राजनीतिक दल के है द्य नारी सशक्तिकरण और जनजातीय गौरव दिवस के सम्मलेन में एक जनप्रतिनिधि, नारी व जनजातीय का अपमान क्यों किया गयाद्य उन्होंने आगे कहा कि इस मुद्दे को मैं जिले की जनता की अदालत में लें जाऊगी साथ ही अपने पार्टी संगठन में भी उठाउंगीद्य जिससे आने वाले समय में किसी नारी का अपमान व उपेक्षा नहीं हो द्य इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य संदीप शाह, अशोक सिंह पैगाम ने भी इसे राजनीतिक साजिश बताते हुए कहा कि जिला प्रशासन को राजनीति से ऊपर काम करना चाहिए जिससे आम लोगों में जिला प्रशासन के प्रति लोकतान्त्रिक विश्वास कायम रखा जा सकें। श्री पैगाम ने कहा कि सत्ता में बैठे भाजपा के लोग आदिवासियों का वोट की राजनीती के लिए दिखावा करते हैद्य इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य राय सिंह मरावी, श्रीमती सविता प्रजापति, जनपद सदस्य केशव सिंह, कांग्रेस नेता लवलेश सिंह, राघवेंद्र श्रीवास्तव मनखु, संगीता सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# हरियाली महोत्सव के अंतर्गत सिंगरौली पुलिस ने किया वृक्षारोपण

## थाना सरई, विंध्यनगर एवं गढ़वा में पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के नेतृत्व में हरियाली महोत्सव के अंतर्गत 01 जुलाई से 7 जुलाई 2025 तक जिले के समस्त एसडीओपी कार्यालयों, थाना प्रांगणों, पुलिस चौकियों एवं पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। हरियाली महोत्सव अभियान के अंतर्गत जिले के थाना सरई, थाना विंध्यनगर एवं थाना गढ़वा



में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए एक पेड़ माँ के नाम अभियान को अपनाया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्प लिया। इस अवसर पर नीम, पीपल, आम, शीशम, गुलमोहर, कदम्ब, जामुन, आंवला जैसे बहुपयोगी व पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण किया गया। साथ ही, लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं सुरक्षा के लिए जिम्मेदारियां भी तय की गईं। इस अभियान का उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि समाज में प्रकृति के प्रति जागरूकता फैलाना एवं भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराना है।

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत सरई में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

## प्राकृतिक संरक्षण व सहकारिता की भावना के साथ जनभागीदारी का अनुपम उदाहरण

**सिंगरौली।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत शुक्रवार को बी पैक्स सरई (गोदाम) परिसर में भव्य सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सहकारी संस्थानों की सहभागिता को सशक्त बनाने हेतु आयोजित इस आयोजन में विभिन्न विभागों व सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में डीआर दीप्ति वनवासी, पीके मिश्रा, राधेश्याम गुप्ता, रामसखा शर्मा सहित नोडल अधिकारी गुंजारीलाल तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सरई शाखा प्रबंधक श्री तरुणेंद्र शेखर पाण्डेय




एवं समिति प्रबंधक आदित्य तिवारी के कुशल संयोजन में कार्यक्रम का संचालन हुआ। सिंगरौली जिले की सभी सहकारी समितियों के प्रबंधक भी इस अवसर पर सम्मिलित हुए।कार्यक्रम का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं था, बल्कि यह पर्यावरणीय चेतना, सहकारिता की भावना और सतत विकास के प्रति जनसंपृक्ति को भी प्रकट करता रहा। अतिथियों ने पौधारोपण करते हुए पर्यावरण सुरक्षा की शपथ ली और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने सहकारिता को समाज के विकास का आधार बताते हुए, प्रकृति के संरक्षण में उसकी भूमिका को रेखांकित किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम ने जन-सहभागिता की शक्ति का परिचय देते हुए पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में एक सशक्त संदेश दिया।

# नाबालिक रेप पीड़िता का आरोप, एफआईआर दर्ज करने के बाद भी पुलिस ने आरोपी को छोड़ा

## आरोपी जान से मारने की दे रहा धमकी, घटना के चार दिन बाद दर्ज हुआ मामला

**सिंगरौली।** गढ़वा थाना के नौडिहवा चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिक के साथ जबरन दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए उसे चार दिन तक इंतजार करना पड़ा।

आरोप ये भी है कि शुरू में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और थाने से ही छोड़ दिया. आरोपी के धमकी से परेशान नाबालिक अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच न्याय की गुहार लगा रही है।वहीं थाना प्रभारी विद्यावारिधि तिवारी से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन नहीं लगा। नाबालिक पीड़िता का आरोप है कि अपनी दादी के साथ वह प्रयागराज से वापस आ रही थी। जहां रास्ते में पिकअप से आ रहे आरोपी परमेश्वर जायसवाल उसे घर छोड़ने को कहकर अपनी गाड़ी में बैठा लिया। रात 10 बजे जब तमई के जंगल में पहुंची तो आरोपी ने गाड़ी में डीजल खत्म होने की बात कहते हुए जंगल में ही रोक दिया। वहीं पीड़िता की दादी को 300 रुपये देकर डीजल लेने के लिए भेज दिया। पीड़िता ने बताया कि दादी के जाते ही आरोपी ने उसके साथ गाड़ी में ही छेड़छाड़ करने लगा। जहां डर से पीड़िता गाड़ी से उतरी तो आरोपी गाड़ी से उतरते हुए लड़की के साथ जबरन बलात्कार की घटना को अंजाम दे दिया। नाबालिक पीड़िता अब दादी से अपनी आप बीती बताई। जिसके बाद पीड़िता के जान पहचान वाले नौडिहवा चौकी में बात किए। लेकिन चौकी में पदस्थ पुलिसकर्मियों ने पीड़िता को चौकी में आने से इसलिए मना कर दिया क्योंकि प्रभारी छुट्टी में थे। जिसके बाद 30 जून को पीड़िता अपने परिजनों के साथ चौकी पहुंची जहां से उसे गढ़वा थाने भेज दिया गया। जहां पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पीड़िता ने बताया कि शिकायत के बाद पुलिस उसे थाने में दो दिनों तक रखा लेकिन उसके बाद छोड़ दिया। अब आरोपी परमेश्वर जायसवाल मामले में पटाक्षेप करने का दबाव बनाने के साथ उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है।

### बेबस लाचार हो गई नाबालिक पीड़िता

परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची नाबालिक रेप पीड़िता बेबस और लाचार नजर आई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया, 2 दिन से लगातार आरोपी घर में आकर कैस वापस लेने के साथ जान से मारने की धमकी दे रहा है। ऐसे में रेप पीड़िता की सुरक्षा और न्याय की मांग खतरे में पड़ गई है।

### एएसपी ने कहा जल्द होगी गिरफ्तार

पीड़िता ने बताया कि परिजनों के साथ एएसपी से मुलाकात हुई है। उन्होंने भरोसा दिया है कि जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी होगी। लेकिन सवाल यह है कि आखिर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद क्यों छोड़ा। छोड़ने के पीछे वजह क्या रही यह बात पुलिस को स्पष्ट करनी चाहिए। वहीं पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस को आवश्यक कदम भी उठाना चाहिए।

## संपादकीय

### दलाई लामा के साथ भारत

उत्तराधिकार के मसले पर भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। इसमें कुछ भी अप्रत्याशित नहीं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी। 14वें दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन का कहना है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। तिब्बत के लिए दलाई लामा केवल धार्मिक गुरु नहीं हैं - वह उसकी सांस्कृतिक पहचान, उसके वजूद और उसके ताकत के केंद्र हैं। 1959 में जब उन्हें कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं - चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर जियो-पॉलिटिक्स का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है। भारत पर तो चीन लंबे समय से दबाव डालता रहा है कि वह दलाई लामा को उसे सौंप दे। चीन और तिब्बत की लड़ाई भारतीय भूमि पर दशकों से चल रही है और नई दिल्ली-पेइचिंग तनाव का एक कारण यह भी है। दलाई लामा की घोषणा के अनुसार, उनका उत्तराधिकारी तिब्बत के बाहर का भी हो सकता है - अनुमान है कि भारत में मौजूद अनुयायियों में से कोई एक, तो यह तनाव और बढ़ सकता है। लेकिन, इसमें भारत के लिए मौका भी है। वह चीन पर कूटनीतिक दबाव डाल सकता है, जो पहलगाम जैसी घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा और बॉर्डर से लेकर व्यापार तक, हर जगह राह में रोड़े अटकाने में लगा है।

# क्या भारत ग्लोबल साउथ में अपनी खोई विरासत फिर हासिल कर पाएगा

**घाना की संसद से लेकर अक्रा की सड़कों तक, मोदी की यह यात्रा कोई साधारण कूटनीति नहीं। यह भारत की विदेश नीति की अग्निपरीक्षा है। भारत कई मोर्चों पर जूझ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर का अधूरा नतीजा जनता के मन में सवाल छोड़ गया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद तमाम सवालों से घिरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब घाना की धरती पर उतरे, तो उनके कदमों में 75 साल की उम्र की थकान और हार न मानने की जिद एकसाथ झलक रही थी। अक्रा के हवाई अड्डे पर, हल्के नीले नेहरू जैकेट में सजे मोदी का चेहरा तनाव और सुकून के मिश्रित भाव लिए था। शायद यह नेहरू जैकेट सिर्फ एक परिधान नहीं, बल्कि उस नेहरू की याद का प्रतीक था, जिन्होंने कभी घाना की जनता को आजादी और ग्लोबल साउथ की एकजुटता का सपना दिखाया था। घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामाहा ने उनका स्वागत किया, लेकिन हवा में सवाल गूँज रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर की आधी-अधूरी कहानी, अमेरिका की मध्यस्थता की खबरों ने भारत की स्वायत्तता को कटघरे में खड़ा किया है, और हालिया भारत-पाक तनाव में चीन की सैन्य मदद ने ग्लोबल साउथ में भारत की साख को दांव पर ला दिया है।**

(ओंकारेश्वर पांडेय)

क्या यह घाना, जो कभी गांधी और नेहरू की अहिंसा व साझेदारी से प्रेरित था, मोदी के नेतृत्व में भारत के ग्लोबल साउथ के सपने को नया जीवन दे पाएगा क्या यह यात्रा, गंभीर सवालों से जूझ रही विदेश नीति को पुनर्परिभाषित करने की बजाय, एक और कूटनीतिक शो बनकर रह जाएगी

ऑपरेशन सिंदूर और कूटनीतिक भंवर

पिछले महीने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने सीमित सैन्य कार्रवाई की। सेना निर्णायक कदम के लिए तैयार थी, मगर आखिरी पल में राजनीतिक नेतृत्व ने कदम पीछे खींच लिए। इंडोनेशिया में तैनात नौसेना अधिकारी कैप्टन शिव कुमार ने खुलासा किया, 'हम तैयार थे, लेकिन रणनीति में स्पष्टता की कमी ने हमें रोका।' इस खुलासे ने देश में हलचल मचा दी। अमेरिका की मध्यस्थता की खबरों ने भारत की स्वायत्त कूटनीति पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने तंज कसा, 'मोदी सरकार की विदेश नीति अब फोटो सेशन और खोखली घोषणाओं तक सिमट गई है। नीतिगत दृढ़ता गायब है।'

पर्दे के पीछे, चीन की भूमिका ने आग में घी डाला। हालिया भारत-पाक तनाव में चीन ने पाकिस्तान को फाइटर जेट, मिसाइल, और सैटेलाइट डेटा देकर समर्थन दिया, जिसे विशेषज्ञ भारत के खिलाफ रणनीतिक चाल मानते हैं।

**घाना यात्रा- अवसर या मजबूरी**-इस तूफानी माहौल में मोदी अक्रा पहुंचे। घाना की संसद में उनका स्वागत पारंपरिक ढोल की थाप और स्थानीय गीतों ने किया। मोदी ने ट्वीट किया, 'अक्रा पहुंचना सम्मान की बात है। राष्ट्रपति महामाहा का स्वागत हमारे पुराने, भरोसेमंद रिश्तों का प्रतीक है। हम भारत-घाना संबंधों को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगे।' लेकिन सवाल वही है–क्या यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर की चूक, अमेरिका पर निर्भरता, और चीन की बढ़ती चुनौती को पार कर भारत की साख सुधारेगी या यह सिर्फ एक और कूटनीतिक चमक-दमक बनकर रह जाएगी

**भारत-घाना-ऐतिहासिक बंधन और रोचक किस्से**-अक्रा के बाजारों में भारतीय मसालों की खुशबू और बॉलीवुड गानों की गूँज घाना को भारत से जोड़े रखती है। यह रिश्ता कागजी कूटनीति से कहीं गहरा है–यह साझा संघर्ष और सपनों की कहानी है। 1950 के दशक में घाना के पहले राष्ट्रपति क्वामे एनक्रूमा भारत आए। गांधी की अहिंसा और नेहरू की 'ग्लोबल साउथ' की सोच ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने घाना की आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी। 1957 में घाना के आजाद होने पर भारत ने वहाँ अपना पहला दूतावास खोला। एक पुराना किस्सा है–1960 में नेहरू की घाना यात्रा के दौरान एनक्रूमा ने उन्हें एक शानदार 'केन्टे' कपड़ा भेंट किया, जो आज अक्रा के नेशनल म्यूजियम में प्रदर्शित है। उस स्वागत में स्थानीय जनजातियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य किया, और नेहरू की सादगी ने सबका दिल जीत लिया।

2011 में मनमोहन सिंह की यात्रा भी कम यादगार नहीं थी। नीली पगड़ी और सादे सूट में वह घाना की संसद में बोले, भारत अफ्रीका का प्राकृतिक सहयोगी है। हमारा रिश्ता संसाधनों या निवेश तक सीमित नहीं, बल्कि साझा विकास और मानवीय सहयोग पर आधारित है। उनकी बातों में गहराई थी, और स्वागत में घानाई गायकों ने पारंपरिक गीत गाए।

**आर्थिक समीकरण- प्रगति और चुनौतियाँ**-भारत-घाना व्यापार नेहरू काल से लंबा सफर तय किया है। 2004 में यह महज 213 मिलियन डॉलर था, जो मनमोहन सिंह के कार्यकाल में 2013-14 तक 1.2 अरब डॉलर पहुंचा। मोदी सरकार में यह 2017-18 में 3.34 अरब और 2018-19 में 4.48 अरब डॉलर तक गया, लेकिन 2023-24 में 2.51 अरब तक सिमट गया। 2024-25 (अप्रैल-अक्टूबर) में शुरुआती व्यापार 3.13 अरब डॉलर रहा। भारत का व्यापार घाटा बढ़ा है, क्योंकि घाना से सोना और तेल (घाना के निर्यात का 70 प्रतिशत) तेजी से आयात हो रहा है।

भारत ने घाना को 450 मिलियन डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट (एलओसी) दी, जिससे गांवों में बिजली, आईटी पार्क, और स्वास्थ्य सुविधाएँ बनीं। लेकिन चुनौती सामने खड़ी है–चीन। घाना इन्वेस्टमेंट प्रमोशन सेंटर के मुताबिक, भारत प्रोजेक्ट संख्या में दूसरे स्थान पर है, लेकिन निवेश राशि में चीन, स्पेन, और मिस्र से पीछे है। 1994-2024 में भारत का निवेश 1.92 अरब डॉलर रहा, जबकि चीन का इससे कहीं अधिक। 2023 में भारत का निवेश 77.93 मिलियन डॉलर था, लेकिन चीन की आर्थिक पकड़ मजबूत है।

**ग्लोबल साउथ में चीन को चुनौती**-हालिया भारत-पाक तनाव में चीन ने पाकिस्तान को फाइटर जेट, मिसाइल, और सैटेलाइट डेटा देकर समर्थन दिया, जिसे विशेषज्ञ भारत के खिलाफ रणनीतिक चाल मानते हैं। घाना की सड़कों पर पारंपरिक नृत्यों की रौनक के बीच मोदी की यह यात्रा सिर्फ भारत-घाना दोस्ती की कहानी नहीं है। यह ग्लोबल साउथ में भारत की साख को पुनर्जनन करने और चीन की आक्रामकता को टक्कर देने की कोशिश है। चीन ने अफ्रीका में 200 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया है, जबकि भारत 80 बिलियन के आसपास है। घाना में चीन की पकड़ इंफ्रास्ट्रक्चर और खनन में मजबूत है। लेकिन भारत की ताकत उसकी सॉफ्ट पावर में है–ऐतिहासिक दोस्ती, सांस्कृतिक जुड़ाव, और लोकतांत्रिक मूल्य।

मोदी की यह यात्रा आर्थिक प्रतिद्वंद्विता का नया अध्याय भी शुरू कर सकती है। घाना के तेल-गैस भंडार, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, और ग्लोबल साउथ में नेतृत्व के लिए भारत के पास मौका है। यह भारत के लिए न सिर्फ घाना, बल्कि पूरे अफ्रीका में अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर है, बशर्ते यह चीन की रणनीति को संतुलित करने के लिए स्पष्ट कदम उठाए।

सांस्कृतिक ताकत और जनमानस

अक्रा के बाजारों में भारतीय मसालों की खुशबू और अमिताभ बच्चन व शाहरुख खान की फिल्मों की गूँज घाना को भारत से जोड़े रखती है। 15,000 भारतीय समुदाय, योग, और क्रिकेट यहाँ भारत की सॉफ्ट पावर हैं। एक पुराना किस्सा है–1980 के दशक में 'डिस्को डांसर' ने घाना के सिनेमाघरों को फिर से जिंदा कर दिया। आज भी वहाँ के बुजुर्ग आओ, ओम शांति ओम गुनगुनाते हैं। लेकिन चीन और यूरोपीय देशों की आक्रामक मौजूदगी ने भारत के लिए मुकाबला कठिन कर दिया। घाना की सड़कों पर बच्चों के नृत्य और पारंपरिक गीत भारत-घाना की दोस्ती की गर्मी दिखाते हैं, मगर क्या यह नीतिगत ठोस कदमों में बदलेगा

**मोदी का इम्तिहान**-घाना की संसद से लेकर अक्रा की सड़कों तक, मोदी की यह यात्रा कोई साधारण कूटनीति नहीं। यह भारत की विदेश नीति की अग्निपरीक्षा है। भारत कई मोर्चों पर जूझ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर का अधूरा नतीजा जनता के मन में सवाल छोड़ गया है। कैप्टन शिव कुमार जैसे सैन्य अधिकारियों ने सरकार की रणनीतिक अस्पष्टता पर उंगली उठाई है। अमेरिका की मध्यस्थता की खबरों ने भारत की स्वायत्तता को कटघरे में खड़ा किया। और अब, चीन की पाकिस्तान को सैन्य मदद ने भारत को ग्लोबल साउथ में अपनी साख बचाने की चुनौती दी है।

मोदी के सामने सवाल है–कि क्या वह इस यात्रा को भाषणों और ट्वीट्स से आगे ले जा पाएंगे यह मौका है–नेहरू और एनक्रूमा की ऐतिहासिक दोस्ती को नया जीवन देने का, ग्लोबल साउथ में भारत की पुरानी साख को पुनर्जीवित करने का, और चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने का। अगर यह यात्रा भाषणबाजी तक सिमट गई, तो विपक्ष का तंज–विदेश नीति उड़ानों और उद्घाटनों तक सीमित है–और गहरा हो जाएगा।

**घाना क्यों ज़रूरी है**-घाना भारत के लिए एक रणनीतिक खजाना है। इसके बाजारों में कोको और सोने की चमक भारत की आर्थिक भूख को ललचाती है। यह देश तेल, बॉक्साइट, और कोको का पावरहाउस है। भारत ने यहाँ आईसीटी, हेल्थकेयर, कृषि, और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश किया है। 450 मिलियन डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट ने घाना के गाँवों में बिजली, आईटी पार्क, और अस्पताल बनाए हैं। घाना का तेल भारत की ऊर्जा जरूरतों को मिटा सकता है। अटलांटिक महासागर के समुद्री मार्ग भारत की सुरक्षा रणनीति का हिस्सा हैं। और सबसे बड़ी बात, घाना ग्लोबल साउथ में भारत के नेतृत्व को मजबूत करने का रास्ता खोल सकता है।

# कर्नाटक में कांग्रेस, राजस्थान, मप्र और छत्तीसगढ़ वाली गलती दोहरा रही है

(नीरज कुमार दुबे)

हम आपको याद दिला दें कि राजस्थान में अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट का विवाद कांग्रेस के लिए दीर्घकालिक सिरदर्द बना रहा था। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव के बीच सत्ता-साझेदारी को लेकर विवाद लगातार सामने आता रहा था।

कर्नाटक में कांग्रेस ने 2023 के विधानसभा चुनावों में शानदार जीत दर्ज की थी। यह जीत केवल भाजपा को सत्ता से हटाने तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसके साथ ही कांग्रेस ने यह संदेश भी दिया था कि यदि पार्टी एकजुट और ठोस नेतृत्व के साथ मैदान में उतरे तो वह भाजपा को घेर सकती है। लेकिन अब, कर्नाटक में कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान और लगातार सार्वजनिक रूप से सामने आने वाले मतभेदों ने सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या कांग्रेस यहां पर वही गलती दोहरा रही है जो उसने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में की थीहम आपको याद दिला दें कि राजस्थान में अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट का विवाद कांग्रेस के लिए दीर्घकालिक सिरदर्द बना रहा था। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव के बीच सत्ता-साझेदारी को लेकर विवाद लगातार सामने आता रहा था। ऐसा ही वाकया मध्य प्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया और कमलनाथ के बीच देखने को मिला था। ज्योतिरादित्य भाजपा में चले गये थे जिससे कमलनाथ की सरकार बीच में ही गिर गयी थी। तीनों ही राज्यों में मतभेद पार्टी मंच के बजाय मीडिया में उछलते रहे, जिससे भाजपा को सत्ता में आने का मौका मिल गया। इसी तरह कर्नाटक में भी देखने को मिल रहा है कि आलाकमान द्वारा समय रहते निर्णायक कदम नहीं उठाने के कारण टकराव बढ़ते जा रहे हैं।

हम आपको याद दिला दें कि कर्नाटक में कांग्रेस की जोरदार जीत के बाद से ही यह स्पष्ट था कि सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे। समझौते के तहत सिद्धारमैया को 5 साल के लिए मुख्यमंत्री बनाया गया, लेकिन शिवकुमार खेमा इसे अंदर ही अंदर चुनौती दे रहा है। कर्नाटक में मंत्रिमंडल विस्तार की बात हो चाहे प्रशासनिक निर्णयों की बात हो या फिर रणनीतिक घोषणाओं की बात हो, सभी मामलों में दोनों नेताओं के बीच मतभेद लगातार उजागर होते रहते हैं। इसके अलावा, कांग्रेस के विधायक और मंत्री भी खुलेआम एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाज़ी कर रहे हैं। डीके शिवकुमार के समर्थक अक्सर उन्हें भावी मुख्यमंत्री कहकर प्रचारित करते हैं जो सिद्धारमैया समर्थकों को असहज करता है और इसके चलते दोनों ओर से बयानबाजी शुरू हो जाती है।



हम आपको बता दें कि देश में सिर्फ तीन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है और देखने में आ रहा है कि तीनों जगह पार्टी में कलह है। कर्नाटक के साथ ही हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में भी कांग्रेस नेता आपस में भिड़े हुए हैं लेकिन कर्नाटक की कलह कुछ ज्यादा ही उजागर हो रही है। यही नहीं, कर्नाटक के विवाद को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा हाईकमान पर टालना दर्शाता है कि उनके हाथ में कुछ नहीं है और सब कुछ ऊपर से ही मैनेज हो रहा है, तभी इस प्रकार का टकराव बना हुआ है। देखा जाये तो कांग्रेस इस समय देश में मुख्य विपक्षी पार्टी है इसलिए सवाल उठता है कि जब वह अपना घर ही नहीं संभाल पा रही तो देश में मजबूत विपक्ष की भूमिका कैसे निभा पायेगी कांग्रेस विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों को भी एकजुट रख पाने में विफल रही है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि केरल और हरियाणा में पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का सरकार में आना तय माना जा रहा था लेकिन अपने ही नेताओं के आपसी झगड़ों की बदौलत पार्टी सत्ता से बहुत दूर रह गयी थी। इससे साबित होता है कि कांग्रेस को हमेशा अपनों ने ही लूटा है लेकिन फिर भी पार्टी गलतियों से सीख लेने को तैयार नहीं है।

उधर, कर्नाटक में कांग्रेस के दोनों धुरंधर नेताओं के समीकरणों पर गौर करें तो आपको बता दें कि अत्यंत पिछड़े कुरबा समुदाय से आने वाले मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बड़े जनाधार वाले नेता हैं। वह सोशल इंजीनियरिंग के मास्टर हैं और उन्हें पता है कि चुनावों में भाजपा के जातिगत समीकरणों को कैसे बिगाड़ना है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार आर्थिक-सामाजिक रूप से संपन्न वोकालिगा समुदाय से आते हैं। वह पुराने कांग्रेसी हैं, गांधी परिवार के विश्वस्त हैं और धनबल, बाहुबल के खिलाड़ी हैं।

कई विधायक भी उनके साथ हैं लेकिन हाईकमान हर बार सिद्धारमैया के सिर पर हाथ रख देता है इसलिए उन्होंने हाल ही में कहा भी है कि मेरे पास समर्थन करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। कर्नाटक में एक बात और देखने को मिल रही है कि यहां कांग्रेस की गलतियों की वजह से मामला पेचीदा होता जा रहा है। दरअसल असंतुष्टों पर ना तो कांग्रेस कोई कार्रवाई कर रही है ना ही उन्हें राजनीतिक रूप से कहीं समायोजित कर रही है। ऐसे में विधायकों का धैर्य जवाब दे रहा है। कर्नाटक में स्थिति यह है कि सत्तारुढ़ दल का हर विधायक मुख्यमंत्री बनना चाहता है इसलिए भी पार्टी के लिए हालात को संभालना मुश्किल होता जा रहा है।

इसके अलावा, कर्नाटक में कांग्रेस की गारंटी योजनाएं चुनाव जिताने में तो सहायक रहीं, लेकिन अब उनके क्रियान्वयन में वित्तीय संकट और प्रशासनिक गड़बड़ियाँ भी सामने आ रही हैं। सत्तारुढ़ दल के विधायक ही कह रहे हैं कि हमें हमारे क्षेत्र के विकास के लिए फंड नहीं मिल रहा। इस सब स्थिति के बीच भाजपा चुपचाप कर्नाटक में खुद को मजबूत करने और सामाजिक समीकरणों को सहेजने में लगी है ताकि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अपना प्रदर्शन सुधारा जा सके। बहरहाल, कर्नाटक की राजनीति में अक्सर नये नाटक होते रहते हैं इसलिए देखना होगा कि फिलहाल विधायकों से बातचीत के बाद कांग्रेस ने राज्य में ऑल इज वेल का जो दावा किया है वह स्थिति कब तक बनी रहती है। (यह लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5782

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | | ■ | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 7 | ■ | 8 | | 9 |
| 10 | 11 | 12 | ■ | 13 | ■ | 14 | |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | ■ |
| 20 | | ■ | | ■ | 21 | 22 | 23 |
| 24 | | | | ■ | 25 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारत के राज्य का प्रथम राज्यपाल होने का गौरव इस महिला को प्राप्त है (7)
6. पहाड़ी ने नीचे की घाटी का मैदान (3)
7. वस्तु, पदार्थ, द्रव्य, चीज (उर्दू)(1)
8. यह नेपाल और बिहार में बहने वाली नदी है जिसे नेपाल में सालिग्रामी कहते है (3)
10. दुर्घटना, अनेहानी, विपदा (3)
14. अवनमित, वक्र टेढ़ा (2)
15. जिसके दिल में रहम या करूणा का भाव हो, कृपालु, दयालु (5)
17. शब्दब्रह्म, अर्ध महाकल्प (2)
18. उमंग, मौज, तरंग (3)
20. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
21. पूर्व और उत्तर के मध्य का कोना (3)
24. जल में विचरण करने वाली प्राणी (4)
25. बलमा, प्रेमी, साजन, 1951 की देवानंद और सुरैया अभिनीत एक फिल्म (3)

**ऊपर से नीचे**

1. चिर नवीन, चिरयुवा (5)
2. देह के बाल, रोआं (2)
3. जिस का बहुवचन, एक विलायती मदिरा (2)
4. अम की पहाड़ी जंगलों में रहने वाली एक जाति, अनुपस्थिति, गैर हाजिरी (2)
5. यह टूर्नामेंट एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट है (5)
9. काजल शब्द का अपभ्रंश (3)
11. ज्वलनशील, जलने वाला (5)
12. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
13. समझौता, संधि, मुआहिदा (3)
16. प्रेमपात्र, माशूक, दिल उड़ा ले जाने वाला (उर्दू)(4)
19. धनवान, धनाढ्य (3)
20. कारण, मंगलोत्सव, घटन का घर (2)
22. तड़क-भड़क, ठाट-बाट, वैभव (2)
23. हल्का गीला, आर्द्र, नमस्कार, त्याग (2)

### वर्ग पहेली 5781 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ऊ | दी | अ | र | ब | ■ | म |
| ग | ब | न | ■ | क | वा | म | त |
| र | ■ | ए | त | बा | र | ■ | ल |
| ■ | ■ | इ | न | ■ | ■ | बाँ | बी |
| ■ | मु | ला | ब | ■ | र | बी | ■ |
| ■ | रा | ही | द | ■ | ■ | दे | र |
| व | ■ | ■ | न | बी | ■ | ओ | स |
| ह | वा | ना | ■ | ■ | अ | ल | द |

# कथावाचक कांड की आड़ में- सनातन पर हमला

(मृत्युंजय दीक्षित)

सपा मुखिया अखिलेश यादव यह बात अच्छी तरह से जानते हैं कि वर्तमान समय में बाबा बागेश्वर धाम की लोकप्रियता चरम सीमा पर है। बाबा बागेश्वर के लाखों भक्त तथा प्रशंसक हैं, वे जहां भी कथा सुनाने जाते हैं वहां लाखों लोगों की भीड़ उमड़ती है।

इटावा के कथावाचक कांड को राजनीतिक रंग देकर उसमें स्वयं फंसते नजर आ रहे सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बाबा बागेश्वर धाम आचार्य धीरेंद्र शास्त्री पर ही हमला बोल दिया और उन पर कथा करने के लिए अंडर द टेबल 50 लाख रुपए लेने का आरोप लगाकर नया विवाद उत्पन्न करने का असफल प्रयास किया है। सपा मुखिया जब इटावा की घटना पर भारतीय जनता पार्टी को घेरने में सफल नहीं हुए तब उन्होंने हिंदू राष्ट्र का नारा देने वाले धीरेंद्र शास्त्री जी पर बयान देकर सनसनी मचाने का प्रयास किया। वास्तव में अखिलेश यादव धीरेन्द्र शास्त्री जी की आड़ में अपनी पीडीए राजनीति को हवा देने का प्रयास कर रहे हैं।

सपा मुखिया अखिलेश यादव यह बात अच्छी तरह से जानते हैं कि वर्तमान समय में बाबा बागेश्वर धाम की लोकप्रियता चरम सीमा पर है। बाबा बागेश्वर के लाखों भक्त तथा प्रशंसक हैं, वे जहां भी कथा सुनाने जाते हैं वहां लाखों लोगों की भीड़ उमड़ती है। उनके ऊपर सपा मुखिया ने सुनियोजित षड्यंत्र के अंतर्गत आरोप लगाए हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव घोर जातिवाद की राजनीति कर रहे हैं और टीवी चैनलों पर अपने प्रवक्ताओं से बहस करवा रहे हैं कि क्या कथा कहना केवल एक जाति का ही अधिकार है जब वह इस बहस में पिछड़ गए और फंसने लगे तब बाबा बागेश्वर पर हमलावर हो गये। बाबा बागेश्वर ने अखिलेश के आरोपों का उत्तर देते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि अगर दक्षिणा नहीं लेंगे तो कैंसर अस्पताल कैसे बनेगा उसमें गरीबों का निःशुल्क उपचार कैसे होगा बाबा बागेश्वर धाम गरीब कन्याओं का विवाह कैसे संपन्न करवाएगा बाबा बागेश्वर यदि हनुमानजी का आशीर्वाद लेकर लोगों की समस्या का समाधान करते हैं तो इससे लोगों को परेशानी क्यों हो रही है

ज्ञातव्य है कि बाबा बागेश्वर सोशल मीडिया पर भी एक सेलेब्रिटी की तरह हैं। उनके फेसबुक पर साढ़े 8 करोड़ सोशल मीडिया एक्स पर दो लाख तथा इंस्टाग्राम पर भी दो लाख से अधिक फालोअर्स हैं जबकि करोड़ों लोग उनके यूटयूब चैनल को नियमित रूप से देखते हैं। अपनी कथा व उपदेशों के माध्यम से वह जनमानस को हिन्दू एकता और राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाते हैं यही कारण है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव अन्य स्वार्थी नेता उनसे उन पर सामूहिक हमले करते हैं। विगत वर्ष जब बाबा बागेश्वर कथा करने के लिए बिहार गये थे तब वहां के विरोधी दलों के नेताओं ने उनको जेल मे डालने की बात तक कही थी।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज दिन व्यापार या नौकरी में कोई बड़ी ज़िम्मेदारी संभाल सकते हैं। लंबे समय से रुका हुआ काम अब गति पकड़ सकता है। डिजिटल मार्केटिंग, टेक्नॉलजी या रक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों को विशेष लाभ होगा। कार्यस्थल पर आपके अनुशासन और स्पष्टता की सराहना होगी। पुराने निवेशों से फायदा मिल सकता है।

**वृष**

आज भाग्य साथ दे रहा है और निवश और आमदनी दोनों के मामले में दिन अनुकूल रहेगा। प्रॉपर्टी, कृषि और रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। नौकरी में पदोन्नति की संभावना बन रही है, खासकर उन लोगों के लिए जो पिछले कुछ समय से वरिष्ठों की नजर में हैं।

**मिथुन**

आज नौकरी और कारोबार के मामले में दिन सफलता से भरा होगा। करियर के लिहाज से दिन थोड़ा अस्थिर हो सकता है लेकिन अगर आप धैर्य और बुद्धिमत्ता से काम लें तो बड़ी सफलता मिल सकती है। क्रिएटिव, आर्टिस्टिक और एजुकेशन से जुड़े कार्यों में सराहना और लाभ दोनों मिलेंगे।

**कर्क**

आज सम्मान और तरक्की के योग बन रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए पदोन्नति या नई ज़िम्मेदारी मिलने का समय है। ऑफिस में नेतृत्व की भूमिका निभाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग के लिए कोई बड़ा क्लाइंट मिल सकता है जिससे भविष्य में लंबी साझेदारी बन सकती है।

**सिंह**

आज लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। विशेष कार्यों की प्राप्ति के लिए दिन उपयुक्त है और आपको बड़ा लाभ प्राप्त होगा। राजनीतिक या प्रशासनिक क्षेत्रों में प्रभाव बढ़ेगा। मीडिया, फिल्म या सरकारी क्षेत्र से जुड़े जातकों को बड़ा ब्रेक मिल सकता है। कोई पुराना विवाद सुलझ सकता है जिससे कार्यक्षेत्र में राहत मिलेगी।

**कन्या**

आज दिन तरक्की से भरा होगा। कोई अधूरी योजना पूरी हो सकती है। तकनीकी क्षेत्रों में नौकरी करने वालों को नया प्रॉजेक्ट या प्रमोशन मिल सकता है। आपकी एनालिटिकल स्किल्स आज आपके काम आएंगी। व्यापारियों के लिए ग्राहकों का भरोसा बढ़ेगा और ब्रांड वैल्यू में वृद्धि होगी।

**तुला**

आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। जो लोग बैंकर, वकील, सलाहकार, या शिक्षक हैं उन्हें कार्यस्थल पर विशेष सराहना मिल सकती है। नया सौदा या डील आपके पक्ष में हो सकता है। प्रॉपर्टी या वाहन खरीदने के लिए दिन अनुकूल है। हालांकि लोन या कर्ज लेने से बचें। साझेदारी में चल रहे व्यापार में पारदर्शिता जरूरी है।

**वृश्चिक**

आज बड़ा लाभ प्राप्त होगा। आपको एक साथ कई कार्य करने होंगे, जिससे थोड़ी थकावट हो सकती है, परंतु परिणाम संतोषजनक रहेंगे। सरकारी ठेके, रक्षा या मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है। रुके हुए सरकारी कागज़ों पर हस्ताक्षर हो सकते हैं।

**धनु**

आज दिन शुभ है। विदेश व्यापार या आयात-निर्यात से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ हो सकता है। करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के संकेत हैं। नई योजना का प्रस्ताव मिल सकता है, जिसे मंजूरी मिलना तय है। निवेश से जुड़ी कोई पुरानी गलती लाभ में बदल सकती है।

**मकर**

आज कारोबार और धन सम्मान के मामले में बड़ा लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में प्रभुत्व बढ़ेगा और लोगों के बीच आपकी साख मजबूत होगी। ऑफिस में आपकी सोच को लोग गंभीरता से लेंगे। उच्च पदस्थ अधिकारियों से संबंध बन सकते हैं। ट्रांसफर या प्रमोशन के योग बन रहे हैं।

**कुंभ**

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके सामने अचानक से कुछ ऐसी परेशानियां आ सकती हैं कि जिनके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा। आपके सामने कुछ अजीब परिस्थितियां आ सकती हैं, लेकिन आपका तटस्थ रवैया और व्यावसायिक समझ आपको मजबूत बनाएगी। साझेदारों या सहकर्मियों से संवाद में सावधानी बरतें।

**मीन**

आज दिन मान सम्मान और तरक्की से भरा होगा। आपको मेहनत का सच्चा फल मिलने से मन काफी खुश होगा। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे जातकों को शुभ समाचार मिल सकता है। व्यापार में कोई नई शाखा खोलने या ब्रांड विस्तार का योग बन रहा है। धन के आगमन से मन प्रसन्न रहेगा।

# दिल्ली-आगरा हाईवे पर बघौला पुल के पास जाम खत्म करने का नया प्लान तैयार

## क्या है योजना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे पर निर्माणधीन बघौला पुल के पास रोजाना लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ठोस कदम उठाने जा रहा है। यहां भारी और हल्के वाहनों के लिए अलग-अलग लेन बनाने की तैयारी है, ताकि लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने मौका मुआयना करने के बाद यह जानकारी दी।

उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने गुरुवार को एनएच-2 पर बघौला गांव के पास निर्माणाधीन पुल क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गांव का गंदा पानी सड़क पर न आए, जिससे रास्ता खराब न हो और जाम की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि गड्ढों में भरे पानी के कारण भी परेशानी बढ़ जाती है, ऐसे में नाले की उचित सफाई और पानी रोकने की पुख्ता व्यवस्था जरूरी है।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि एनएचएआई, जनस्वास्थ्य, पंचायती राज और पुलिस विभाग आपसी तालमेल के साथ समाधान करें। जनस्वास्थ्य विभाग व पंचायत विभाग को



कहा गया कि वे गांव के पानी की निकासी की तुरंत व्यवस्था करें। एनएचएआई के परियोजना निदेशक से सड़क निर्माण की प्रोजेक्ट रिपोर्ट जल्द भेजने और तय समय में काम पूरा करने के निर्देश दिए।

**दो साल पहले शुरू हुआ था निर्माण :** बघौला गांव में बनने वाले इस फ्लाईओवर का निर्माण कार्य वर्ष 2023 के जून माह में शुरू हुआ था। उस वक्त इस फ्लाईओवर का कार्य 15 माह में पूरा करना तय हुआ था। लेकिन,निर्माण कार्य के बीच में बघौला गांव के लोगों ने देवली मोड़ पर अंडरपास बनाने की मांग को लेकर फ्लाईओवर के निर्माण का विरोध शुरू कर दिया। इस वजह से इसका निर्माण कार्य ठप हो गया। देवली मोड़ पर अंडरपास के निर्माण की मंजूरी मिलने में देरी के कारण भी इस फ्लाईओवर का निर्माण कार्य तय अवधि में पूरा नहीं हो सका। शिलान्यास के वक्त इस फ्लाईओवर का बजट करीब 21 करोड़ 44 लाख रुपये तय किया गया था। लेकिन, देवली मोड़ अंडरपास के निर्माण की वजह से इसका बजट बढ़ाना पड़ा। फिलहाल इस फ्लाईओवर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। एनएचएआई के अधिकारियों का मानना है कि अगस्त माह तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

### कांवड़ यात्रियों के लिए रास्ता बनाने के निर्देश

सावन मास में लाखों की संख्या में कांवड़ यात्री दिल्ली-आगरा हाईवे से गुजरते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिए कि फ्लाईओवर से कांवड़ यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एनएचएआई और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्थायी व्यवस्थाएं जल्द बनाएं ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि निर्माणधीन पुल के ऊपर से कांवड़ यात्रियों के लिए अस्थायी रास्ता बनाए।

### सर्विस रोड पर टाइल्स लगाएगा एनएचएआई

एनएचएआई प्रबंधन बघौला गांव में टाइल्स लगाने की योजना बना रहा है। इसके लिए एनएचएआई विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को एनएचएआई के परियोजना निदेशक धीरज सिंह ने बघौला गांव पहुंचकर मौका मुआयना किया था। विभाग के परियोजना निदेशक ने बताया कि सर्विस रोड पर जलभराव की समस्या है। यहां से पानी निकासी के लिए जिला प्रशासन और ग्राम पंचायत से भी आग्रह किया गया है। पानी निकासी की व्यवस्था न होने से यहां दलदल बन जाती है। पानी निकासी की व्यवस्था होने पर यहां हैवी डयुटी की टाइल्स लगाई जाएंगी। भारी वाहन भी इन टाइल्स से गुजर सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक में पांच बाघों की मौत : मंत्री ने दो अधिकारियों को किया निलंबित



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खांडरे ने माले महादेश्वर (एमएम) पहाड़ियों में पांच बाघों की अप्राकृतिक मौत के संबंध में लापरवाही और कर्तव्य निर्वहन में चूक के लिए दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मंत्री ने इस मामले में उप वन संरक्षक (डीसीएफ) वाई चक्रपाणि को निलंबित करने की भी सिफारिश की है। एमएम हिल्स के हुग्याम रेंज में 26 जून को एक मादा बाघिन और उसके चार शावक मृत पाए गए थे। खांडरे ने चक्रपाणि के आचरण की विभागीय जांच की भी सिफारिश की। घटना के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। खांडरे का यह निर्णय अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) कुमार पुष्कर की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक रिपोर्ट की समीक्षा के बाद आया। घटना की जांच के लिए इस समिति का गठन किया गया था। मंत्री ने समिति को 10 जुलाई तक अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। खांडरे के कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, बाघों की अप्राकृतिक मौत मामले में अधिकारियों की लापरवाही और कर्तव्यों का पालन ना करने के स्पष्ट सबूत हैं जिनके आधार पर मंत्री ने कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग से डीसीएफ वाई चक्रपाणि के निलंबन की सिफारिश की है। बयान में कहा गया है कि सहायक वन संरक्षक गजानन हेगड़े और संबंधित क्षेत्र के रेंज वन अधिकारी मदेश को निलंबित कर दिया गया है क्योंकि वे गश्ती कर्मचारियों की प्रभावी निगरानी करने में विफल रहे और वन संरक्षण के अपने मौलिक कर्तव्यों का निर्वहन करने में घोर लापरवाही बरती।

### अमरनाथ यात्रा के दौरान बसों की टक्कर, 36 लोग घायल, नाश्ते के लिए रुका था काफिला

**रामबन, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में अमरनाथ यात्रा कर रहे कम से कम 36 श्रद्धालु घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब तीर्थयात्रियों के काफिले में शामिल एक अन्य बस ने चार बसों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसा चंद्रकोट लंगर स्थल के पास उस समय हुआ, जब यात्रा का काफिला नाश्ते के लिए रुका था। पुलिस के अनुसार, तीर्थयात्रियों का काफिला नाश्ते के लिए निर्धारित विश्राम स्थल चंदरकोट में रुका हुआ था। इसी दौरान एक चलती बस के ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और वह खड़ी बसों से जा टकराई, जिससे कई बसों को क्षति पहुंची और यात्रियों को चोटें आईं। रामबन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षककुलबीर सिंह ने बताया, ÷काफिला नाश्ते के लिए चंदरकोट में रुका हुआ था। तभी पीछे से आई एक बस चार खड़ी बसों से टकरा गई। हादसे में लगभग 36 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से अधिकांश को मामूली चोटें आई हैं।÷ उन्होंने आगे कहा कि प्राथमिक उपचार के बाद ज्यादातर श्रद्धालु अपनी यात्रा जारी रखने के लिए तैयार हैं। हालांकि तीन से चार यात्रियों की चोटें ऐसी हैं कि उन्हें आगे यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया। प्रशासन और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य तेजी से शुरू किया और स्थिति पर नियंत्रण पाया। घटना के बाद काफिले की आगे की यात्रा कुछ देर के लिए रोक दी गई, लेकिन स्थिति सामान्य होने के बाद श्रद्धालुओं को पुनः गंतव्य की ओर रवाना किया गया। गौरतलब है कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा में लाखों श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जम्मू-कश्मीर पहुंच रहे हैं। प्रशासन ने यात्रा की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं।

# 3 महिला, 3 पुरुष, भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की रेस में किसकी दावेदारी मजबूत




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जल्द ही नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 के समाप्त होते ही कई नामों की चर्चा चल रही है। भगवा पार्टी की तैयारी अब लगभग अंतिम चरण में है। मौजूदा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2023 में समाप्त हो चुका था, लेकिन चुनावों को ध्यान में रखते हुए उनके कार्यकाल को जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था। अब, भाजपा नए अध्यक्ष की नियुक्ति की तरफ आगे बढ़ रही है। दिलचस्प बात यह है कि इस बार चर्चा है कि पार्टी अपने इतिहास में पहली बार किसी महिला नेता को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना सकती है। हालांकि, अब तक दावेदारों में 6 नेताओं के नाम सामने आ चुके हैं। उनमें तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं।

### 1. निर्मला सीतारमण

देश की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री और पूर्व रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण न केवल भाजपा की वरिष्ठ नेता हैं, बल्कि वे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत का मजबूत प्रतिनिधित्व करती रही हैं। वे तमिलनाडु से आती हैं, जहां भाजपा अपनी पैठ मजबूत करना चाहती है। उनकी प्रशासनिक दक्षता और पार्टी नेतृत्व से करीबी उनकी उम्मीदवारी को मजबूत बनाती है।

### 2. डी. पुरंदेश्वरी

पूर्व केंद्रीय मंत्री और एनटी रामाराव की बेटी डी. पुरंदेश्वरी हाल ही में आंध्र प्रदेश भाजपा प्रमुख रही हैं। वे पार्टी के ÷ऑपरेशन सिंदूर÷ जैसे कूटनीतिक मिशन का हिस्सा भी रह चुकी हैं। उनकी बहुभाषीयता और राजनीतिक विरासत उन्हें एक प्रभावशाली दक्षिण भारतीय चेहरा बनाती है।

### 3. वनाथी श्रीनिवासन

कोयंबटूर दक्षिण से विधायक वानाथी श्रीनिवासन भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुकी हैं। 1993 से पार्टी से जुड़ी श्रीनिवासन को 2022 में भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति में जगह मिली थी। ऐसा करने वाली पहली तमिल महिला नेता बनीं। वे जमीनी कार्यकर्ता और संगठन की नब्ज समझने वाली नेता मानी जाती हैं।

### 4. धर्मेंद्र प्रधान

ओडिशा से आने वाले केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को भाजपा का कुशल रणनीतिकार माना जाता है। वे ओबीसी समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं और पार्टी के आंतरिक हलकों में गहरी पैठ रखते हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी ने कई चुनावी मोर्चों पर शानदार प्रदर्शन किया है।

### 5. शिवराज सिंह चौहान

'मामा' के नाम से लोकप्रिय शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश के चार बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं और अब केंद्र में मंत्री हैं। वे भाजपा के सबसे लोकप्रिय जननेताओं में गिने जाते हैं। उनकी सहजता, सादगी और ग्रामीण भारत में पकड़ उन्हें पार्टी का एक जन-चेहरा बनाती है।

### 6. मनोहर लाल खट्टर

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर अब केंद्र सरकार का हिस्सा हैं। उनकी प्रशासनिक साख और संघ से निकटता उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उपयुक्त बनाती है। वे पार्टी के उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं जो अनुशासन और कार्यसंस्कृति पर विशेष बल देता है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा अगला अध्यक्ष चुनते समय तीन प्रमुख बिंदुओं को ध्यान में रख रही है। उनमें संगठनात्मक अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन और जातीय समीकरण। महिला नेतृत्व की संभावना इसलिए भी मजबूत मानी जा रही है क्योंकि भाजपा ने 2023 में महिला आरक्षण विधेयक को संसद में पास कराया था। इसके अलावा, हालिया चुनावों में महिला वोटर्स ने भाजपा को निर्णायक समर्थन दिया है। एक महिला अध्यक्ष पार्टी को सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर बड़ा संदेश देने में मदद कर सकती है। भाजपा जल्द ही एक केंद्रीय निर्वाचन समिति का गठन करेगी, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराएगी। नामांकन, जांच और मतदान यदि आवश्यक हुआ तो उसी के अधीन होगा।

### विपक्ष की भी नजर

कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और विपक्षी दल भाजपा की इस रणनीतिक नियुक्ति पर करीबी नजर रखे हुए हैं। 2026 के विधानसभा चुनाव और 2029 के आम चुनाव से पहले नया अध्यक्ष भाजपा के भविष्य की दिशा तय करेगा। इसलिए यह केवल एक पद भर नहीं, बल्कि भाजपा के राजनीतिक भविष्य की नींव भी है।

### नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट बनीं आस्था पूनिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सब-लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया नौसेना विमानन की लड़ाकू शाखा में शामिल होने वाली पहली महिला बन गई हैं, जिससे बल में महिला लड़ाकू पायलट के एक नए युग का रास्ता साफ हुआ। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पूनिया अब लड़ाकू पायलट के रूप में योग्यता प्राप्त करने के लिए ट्रेनिंग लेंगी। भारतीय नौसेना ने विशाखापत्तनम के आईएनएस डेगा में दूसरे बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स के समापन का जश्न मनाया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 3 जुलाई को विंगिंग समारोह आयोजित हुआ।

इसमें सहायक नौसेनाध्यक्ष (वायु) रियर एडमिरल जनक बेवली ने लेफ्टिनेंट अतुल कुमार ढल और सब लेफ्टिनेंट पूनिया को विंग्स ऑफ गोल्ड प्रदान किया। बयान के मुताबिक, सब ल-फ्टिनेंट आस्था पूनिया सभी बाधाओं को तोड़ते हुए और नौसेना में महिला लड़ाकू पायलट के एक नए युग का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। नौसेना विमानन की लड़ाकू शाखा में शामिल होने वाली वह पहली महिला बन गई हैं। बयान में कहा गया कि भारतीय नौसेना समुद्री टोही (एमआर) विमानों और हेलीकॉप्टर में महिला अधिकारियों को पहले ही शामिल कर चुकी है। इन्होंने पायलट और नौसेना वायु संचालन अधिकारियों के रूप में सेवाएं दी हैं।

## भाषा विवाद के बीच महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला, 3 अक्तूबर को मनाएंगे मराठी दिवस



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में हिंदी थोपे जाने के आरोपों के बीच चल रहे भाषा विवाद पर नया मोड़ आ गया है। प्राइमरी स्कूलों में हिंदी अनिवार्य करने के फैसले के बाद अब महाराष्ट्र सरकार ने 3 अक्तूबर को शास्त्रीय मराठी भाषा दिवस मनाने का ऐलान किया है। शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए सरकार की तरफ से कहा गया कि 3 से लेकर 9 अक्तूबर तक पूरा सप्ताह शास्त्रीय मराठी भाषा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। महाराष्ट्र सरकार की तरफ से जारी आदेश में इस सप्ताह में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी गई। आदेश के मुताबिक पूरे हफ्ते शास्त्रीय मराठी भाषा सप्ताह मनाने के बाद इसी संबंध में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन समारोहों का उद्देश्य मराठी के बारे में रिसर्च और जन जागरुकता को बढ़ाना और भाषा के संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाना शामिल होगा। सरकार ने राज्य के सभी जिला कलेक्टरों को मराठी भाषा जिला समिति के प्रमुख के रूप में नामित किया और इसके साथ ही इस पूरे सप्ताह के दौरान कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाने का निर्देश दिया। आदेश में कहा गया है, ÷शास्त्रीय मराठी भाषा सप्ताह के दौरान शास्त्रीय मराठी भाषा के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशालाएं और शिविर आयोजित किए जाने चाहिए। शास्त्रीय मराठी ग्रंथों की प्रदर्शनी आयोजित की जानी चाहिए। साथ ही, ताम्रपत्र शिलालेखों/शिलालेखों की प्रदर्शनी आयोजित करके छात्रों और आम जनता को मराठी भाषा की शास्त्रीय साहित्यिक परंपरा से परिचित कराया जाना चाहिए।

## पंजाब पुलिस ने नार्को-हथियार, नार्को-हवाला मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, नौ लोग गिरफ्तार

**लुधियाना, एजेंसी।** पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने एक अंतरराष्ट्रीय नार्को-हथियार मॉड्यूल और एक अंतरराज्यीय हवाला नेटवर्क का भंडाफोड़ कर कर्नाटक के दो निवासियों समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने उनके पास से 1.15 किलोग्राम हेरोइन, पांच अत्याधुनिक पिस्तौल और 9.7 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे तस्करी मॉड्यूल का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच जारी है। प्रथम अभियान का विवरण साझा करते हुए अमृतसर के पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि एक खुफिया अभियान में, पुलिस दलों ने नार्को-हथियार मॉड्यूल में शामिल तीन लोगों जसप्रीत, हरप्रीत और तेजबीर को गिरफ्तार किया और उनके पास से तीन 9 एमएम पिस्तौल, दो प्वाइंट 30 बोर चीनी पिस्तौल समेत पांच अत्याधुनिक पिस्तौल और कारतूस बरामद की। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि जसप्रीत और हरप्रीत हाल में मलेशिया से लौटे थे और मलेशिया तथा पाकिस्तान में अपने आकाओं के संपर्क में थे। उन्होंने बताया कि वे अपने दोस्त तेजबीर के साथ अमृतसर इलाके में आए और अपने आकाओं के निर्देश पर हथियार और मादक पदार्थ की खेप उठाई। उन्होंने बताया कि अमृतसर के सदर पुलिस थाने में इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है।



भुल्लर ने बताया कि एक अन्य अभियान में पुलिस ने दिल्ली, कर्नाटक और दुबई से जुड़े नार्को-हवाला नेटवर्क में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 9.7 लाख रुपये नकद और 1.15 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। उन्होंने बताया कि वे अब्दुल रहमान और प्रदीप पिंटू द्वारा संचालित एक संगठित हवाला नेटवर्क का हिस्सा थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये लोगों की पहचान जसप्रीत सिंह चौहान उर्फ ??कालू (26), हरप्रीत सिंह उर्फ ??हैप्पी (25), तेजबीर सिंह उर्फ ??तेजी (21),दानिश उर्फ ??गग्गू (19), सलोनी (19), जोबनप्रीत सिंह उर्फ ??जोबन (28), कुलविंदर सिंह (28), अब्दुल रहमान (45) और प्रदीप पिंटू (44) के रूप में हुई है। रहमान और पिंटू कर्नाटक के निवासी हैं।

# आईपीएस अफसरों के साथ फोटो, राजस्थान पुलिस वर्दी में ट्रेनिंग

### 2 साल तक फर्जी एसआई बनी रही मोना

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजधानी जयपुर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें शास्त्री नगर थाना पुलिस ने एक महिला को फर्जी सब-इंस्पेक्टर (एसआई) बनकर पुलिस महकमे और आम लोगों को दो साल तक गुमराह करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला की पहचान मोना बुगालिया उर्फ मूली देवी (28) के रूप में हुई है, जो नागौर जिले के नीम्या का बास गांव की रहने वाली है। खास बात यह है कि मोना न केवल खुद को एसआई बताकर राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में ट्रेनिंग ले रही थी, बल्कि उसने पुलिस की वर्दी पहनकर कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तस्वीरें भी खिंचवा लीं और सोशल मीडिया पर उन्हें पोस्ट कर अपनी फर्जी पहचान को मजबूत किया।

**सोशल मीडिया से शुरू हुआ धोखे का खेल :** पुलिस के अनुसार, मोना बुगालिया ने वर्ष 2021 में सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा दी थी, लेकिन चयन नहीं हो सका। इसके बावजूद उसने सोशल मीडिया पर खुद को चयनित बताकर फर्जी खबरें फैलाना शुरू कर दिया। इसके बाद वह आरपीए में ट्रेनिंग लेने पहुंच गई। उसने न केवल वर्दी में तस्वीरें खिंचवाईं बल्कि अधिकारियों के बीच उठना-बैठना शुरू कर दिया, जिससे कोई उस पर शक न कर सके।

### व्हाट्सऐप ग्रुप से भंडाफोड़

मोना की असलियत तब सामने आई जब वह एक एसआई के व्हाट्सऐप ग्रुप में शामिल हुई और वहां एक साथी को धमकी दे डाली। पीड़ित ने यह बात उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई। इसके बाद जब पुलिस अकादमी में जांच हुई तो पता चला कि मोना का नाम किसी भी ट्रेनिंग बैच में शामिल नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वर्ष 2023 में आरपीए की ओर से शास्त्री नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।



### पुलिस से बचने के लिए सीखे ट्रिक्स

पुलिस का कहना है कि मोना ने आरपीए में रहते हुए पुलिसिंग के कई गुर सीख लिए थे। वह मुख्य गेट से कभी प्रवेश नहीं करती थी, क्योंकि वहां आईडी जांच होती थी। वह अक्सर अधिकारियों और उनके परिजनों के लिए बने वैकल्पिक गेट से आती-जाती थी, जिससे संदेह न हो।

### अब मददगारों की तलाश

पुलिस अब इस बात की जांच में जुट गई है कि आखिर मोना आरपीए में कैसे घुसी? क्या किसी अंदरूनी व्यक्ति की मिलीभगत थी या उसने यह सब खुद से ही किया? पुलिस का मानना है कि इतनी बड़ी फर्जीवाड़े की योजना अकेले अंजाम देना मुश्किल है, इसलिए उसके संपर्कों और कॉल डिटेल्स की जांच की जा रही है।फिलहाल मोना से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही उससे जुड़े अन्य लोगों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी है। यह मामला न केवल पुलिस महकमे की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि फर्जी पहचान बनाकर लोग कैसे तंत्र को गुमराह कर सकते हैं।

### जयपुर से वर्दी, बैच, आईडी कार्ड बरामद

एफआईआर के बाद पुलिस ने मोना के जयपुर स्थित किराए के मकान पर दबिश दी, जहां से पुलिस की वर्दी, बेल्ट, बैच, और फर्जी आईडी कार्ड जब्त किए गए। लेकिन तब तक मोना फरार हो चुकी थी। वह दो साल तक लगातार पुलिस को चकमा देती रही। इस दौरान उसने अपने रहने का ठिकाना बदल लिया और सीकर में कोचिंग छात्रा बनकर रह रही थी।

### सीकर में दबिश देकर गिरफ्तारी

शास्त्री नगर थाना एसएचओ महेंद्र यादव ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने सीकर में एक कोचिंग संस्थान के पास से मोना को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के वक्त वह खुद को छात्रा बताने की कोशिश कर रही थी, लेकिन पुलिस पहले ही उसकी पहचान पुख्ता कर चुकी थी।

# विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने जाग्रेब सुपरयूनाइटेड रैपिड चेस खिताब जीता

## अमेरिकी प्लेयर वेस्ली सो को 36 चालों में मात दी, 18 में से 14 पॉइंट हासिल किए

**जाग्रेब (एजेंसी)।** क्रोएशिया के जाग्रेब में चल रहे सुपरयूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट में भारतीय शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश ने रैपिड खिताब जीत लिया है।

यह टूर्नामेंट ग्रैंड चेस टूर 2025 का हिस्सा है और गुकेश ने रैपिड फॉर्मेट में 18 में से 14 पॉइंट अर्जित करके खिताब अपने नाम किया।

गुकेश ने आखिरी राउंड में अमेरिकी खिलाड़ी वेस्ली सो को 36 चालों में हराकर रैपिड खिताब अपने नाम किया। गुकेश ने टूर्नामेंट में 9 मुकाबलों में से 6 में जीत हासिल की, 2 ड्रॉ रहे और एक में उन्हें हार का सामना करना पड़ा

**टूर्नामेंट में पहला मुकाबला हार गए थे गुकेश** - गुकेश को टूर्नामेंट के पहले ही मुकाबले में पोलैंड के जान-क्रिस्टॉफ डूडा ने 59 चालों में मात दी थी। इसके बाद गुकेश ने वापसी की। उन्होंने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और भारत के प्रगनानंद को हराया।

गुकेश ने टूर्नामेंट के चौथे राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और पांचवें राउंड में अमेरिका के फेबियानो कारुआना को हराया था।

छठे राउंड में गुकेश का मुकाबला नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से हुआ, जिसमें भारतीय ग्रैंडमास्टर ने जीत हासिल की। गुकेश ने कार्लसन को एक महीने के अंदर दूसरी बार हराया है। गुकेश ने कार्लसन को 2 जून को नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में भी हराया था। ग्रेब सुपरयूनाइटेड टूर्नामेंट में गुकेश ने वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को हराया।



**तीसरे दिन दोनों मुकाबले ड्रॉ रहे** - टूर्नामेंट के तीसरे दिन (4 जुलाई) गुकेश के दोनों मुकाबले ड्रॉ रहे। उनकी इस दिन की शुरुआत डच ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी के खिलाफ ड्रॉ के साथ हुई। उसके बाद क्रोएशिया के इवान शारिक के खिलाफ उन्होंने 87 चालों वाला लंबा मुकाबला खेला। यह मैच भी ड्रॉ रहा।

**प्रगनानंद ने सिर्फ एक जीत हासिल की** - इस टूर्नामेंट में प्रगनानंद का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने 9 मैचों में सिर्फ एक जीत इवान शारिक के खिलाफ दर्ज की। वहीं, 7 मुकाबले ड्रॉ खेले, जबकि एक में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कुल 9 अंक अर्जित किए। प्रगनानंद बुखारेस्ट फेज में विनर और वारसॉ में तीसरे स्थान पर रह चुके हैं। इससे वह ग्रैंड चेस टूर के ओवरऑल रैंकिंग में अब भी प्रबल दावेदार बने हुए हैं।

**कार्लसन और डूडा किस पोजिशन पर रहे** - मैग्नस कार्लसन ने टूर्नामेंट के आखिरी दिन (4 जुलाई) अमेरिकी प्लेयर फैबियानो कारुआना के खिलाफ जीत से शुरुआत की, लेकिन अगले गेम में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेलकर वह गुकेश को चुनौती नहीं दे पाए। वहीं, डूडा, जिन्होंने पहले राउंड में गुकेश को हराया था, उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया और दूसरे स्थान पर रहे।

**अब टूर्नामेंट का ब्लिट्ज फेज खेला जाएगा** - इस टूर्नामेंट का ब्लिट्ज चरण शनिवार से शुरू होगा और 6 जुलाई को खत्म होगा। रैपिड और ब्लिट्ज ड्ड दोनों फॉर्मेट से अर्जित अंकों के आधार पर ओवरऑल विनर का फैसला होगा।

फीफा क्लब वर्ल्ड कप

## पाल्मेरास को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा चेल्सी



**फिलाडेल्फिया, एजेंसी।** अगस्टिन जियाय के अंतिम क्षणों में किए गए आत्मघाती गोल की बदौलत चेल्सी ने फीफा क्लब वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में पाल्मेरास पर 2-1 से जीत हासिल की। यह मुकाबला फिलाडेल्फिया के लिंकन फाइनेंशियल फील्ड पर खेला गया। इसी के साथ चेल्सी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। कोल पाल्मर ने पहले हाफ में चेल्सी के लिए गोल किया, जिससे ब्लूज को न्यूयॉर्क में ब्राजील की टीम फ्लूमिनेंस के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने में मदद मिली। ब्रेक के बाद पाल्मेरास ने जोरदार वापसी की, जब युवा फुटबॉलर एस्टेवाओ ने 53वें मिनट में एक शानदार गोल दागते हुए टीम को बराबरी पर ला दिया, लेकिन मुकाबले के 83वें मिनट में अगस्टिन जियाय के आत्मघाती गोल के चलते पाल्मेरास ने मुकाबला 1-2 से गंवा दिया। चेल्सी के मैनेजर एन्जो मारेस्का ने कहा, जैसा कि हमने उम्मीद की थी, यह एक मुश्किल मुकाबला था। मुझे लगता है कि दूसरे हाफ की तुलना में हम पहले हाफ में थोड़े बेहतर थे। हमने मुकाबले को बेहतर तरीके से कंट्रोल किया। मुझे लगता है कि हम जीत के हकदार थे। खिलाड़ियों को बधाई, क्योंकि उन्होंने काफी अच्छा खेल दिखाया हैं। मारेस्का ने आगे कहा, मैं खुश हूं क्योंकि हम जीत गए, खुश हूं क्योंकि उन्होंने गोल किया, इसलिए यह एक शानदार रात है। वहीं, दूसरी ओर फीफा क्लब विश्व कप 2025 में अपने शानदार अभियान को जारी रखते हुए फ्लूमिनेंसे ने अल हिलाल को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया है।

कनाडा ओपन

## चोउ तिएन चेन को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे श्रीकांत



**कैलगरी, एजेंसी।** भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने शनिवार को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन को सीधे गेम में 21-18, 21-9 से हराया। श्रीकांत ने चीनी ताइपे के वांग पो-वेई को 43 मिनट तक चले इस मुकाबले में शिकस्त देकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया था।वर्तमान में विश्व में 49वें स्थान पर काबिज श्रीकांत अब फाइनल में जगह बनाने के लिए जापान के तीसरी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से भिड़ेंगे। श्रीकांत के पास 30 वर्षीय केंटा निशिमोटो के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 6-4 की बढ़त है। भारतीय खिलाड़ी ने पिछली विश्व चैंपियनशिप में जापानी शटलर को सीधे गेम में हराया था। इसके बावजूद निशिमोटो अन्य भारतीय खिलाड़ियों के लिए चुनौतियां पेश करते रहे हैं। अपने कोर्ट कवरेज के लिए पहचाने जाने वाले निशिमोटो इस सीजन में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। निशिमोटो ने भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को 21-15, 5-21, 21-17 से कड़ी टक्कर देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है। श्रीकांत प्री-क्वार्टरफाइनल मैच में चीनी ताइपे के वांग पो-वेई के खिलाफ 21-19, 21-14 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। श्रीकांत ने यह मुकाबला 41 मिनट में जीता था। वांग पो-वेई वर्ल्ड नंबर-71 हैं।

# यशस्वी ने टेस्ट क्रिकेट में रचा इतिहास, सचिन और विराट को छोड़ दिया पीछे




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के ओपनिंग बैट्समैन यशस्वी जायसवाल ने एजबेस्टन टेस्ट के दौरान एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. इस दौरान उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ और पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग की बराबरी कर ली है, जबकि मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया. यशस्वी जायसवाल ने ये मुकाम एजबेस्टन टेस्ट के दूसरी पारी के दौरान हासिल किया. जायसवाल टेस्ट क्रिकेट में ये मुकाम हासिल करने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज हैं. लीड्स टेस्ट मैच में शानदार शतक लगाने वाले यशस्वी दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में कुछ खास नहीं कर पाए, लेकिन एक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया.

### यशस्वी ने कौन सा रिकॉर्ड बनाया?

टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम पारियों में संयुक्त रूप से सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. इस दौरान उन्होंने भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग की बराबरी कर ली है. जायसवाल ने ये उपलब्धि एजबेस्टन टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 10वां रन बनाने के दौरान किया. हालांकि वो अपनी पारी को लंबी नहीं कर पाए और 22 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हो गए. यशस्वी ने पहली पारी में 87 रनों की शानदार पारी खेली थी.

जायसवाल ने टेस्ट क्रिकेट की 40वीं पारी में 2000 रन पूरे किए. इससे पहले राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग ने भी इतनी ही पारियों में 2000 रन पूरे किए थे. द्रविड़ ने साल 1999 में न्यूजीलैंड के खिलाफ हैमिल्टन में और वीरेंद्र सहवाग ने साल 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में यह उपलब्धि हासिल की थी.

### 21वें टेस्ट मैच में हासिल की उपलब्धि

जायसवाल ने 21 टेस्ट मैचों की 40 पारियों में 53.10 की औसत से 2018 रन बनाए हैं. इसमें 5 शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं. इस मामले में उन्होंने पूर्व भारतीय बल्लेबाज विजय हजारे और टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर को पीछे छोड़ दिया. विजय हजारे और गौतम गंभीर ने 43 पारियों में 2000 रन पूरे किए थे. दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली इस लिस्ट में किसी के आसपास भी नहीं हैं. उन्होंने 53 पारियों में दो हजार रन पूरे किए थे.

इसके अलावा यशस्वी जायसवाल ने सबसे कम एज में दो हजार रन पूरे करने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने 23 साल 188 दिन की एज में यह उपलब्धि हासिल की. इस मामले में सचिन तेंदुलकर उनसे आगे हैं. सचिन ने 20 साल 330 दिन में टेस्ट क्रिकेट में दो हजार रन पूरे किए थे.

## इंडिया-इंग्लैंडः इंग्लैंड ने भारत को 05 रन से हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड की महिला टी20 टीम ने 5 मैच की सीरीज के तीसरे मुकाबले में हरमनप्रीत की अगुआई वाली भारतीय टीम को 5 रन के करीबी अंतर से हरा दिया। भारत को जीत के लिए अंतिम गेंद पर 6 रन की जरूरत थी। हरमनप्रीत कौर (23) ने छक्का लगाने की पूरी कोशिश की, लेकिन बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में लॉरेन बेल का शिकार हो गईं और भारत इतिहास रचने से चूक गया। भारत ने सीरीज के शुरुआती दोनों मैच अपने नाम किये थे। भारतीय टीम यदि तीसरा मैच भी जीत लेती तो 19 साल में पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ लगातार 3 टी20 मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाती। पहली बार 2 या उससे ज्यादा मैच की सीरीज भी अपने नाम कर लेती। अब उसे सीरीज जीतने के लिए कम से कम अगले मैच तक इंतजार करना होगा। भारत बनाम इंग्लैंड चौथा टी20 इंटरनेशनल मैच 9 जुलाई को मैनचेस्टर के एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में भारतीय समयानुसार रात 11 बजे से खेला जाएगा।

भारत को तीसरा टी20 इंटरनेशनल मैच जीतने के लिए 172 रन का लक्ष्य मिला था। स्मृति मंधाना जब तक क्रीज पर मौजूद थीं तब तक उसके जीतने की 100 फीसदी संभावना लग रही थी। स्मृति मंधाना 16वें ओवर की तीसरी गेंद पर जब पवेलियन लौटीं तब टीम का स्कोर 3 विकेट पर 131 रन था। हालांकि, इसके बाद भारत अगली 27 गेंद में 41 रन नहीं बना पाया।

# दूसरे टेस्ट में भारत ने की दमदार वापसी

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत ने बर्मिंघम टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 317 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 3 विकेट खोकर 152 रन बना लिए हैं। कप्तान शुभमन गिल और पंत मोर्चा संभाले हुए थे। करुण नायर 26 और यशस्वी जायसवाल 28 रन बनाकर आउट हुए। ब्रायडन कार्स और जोश टंग को एक-एक विकेट मिला। एजबेस्टन स्टेडियम में शनिवार को मैच का चौथा दिन था और पहले सेशन का खेल जारी था। टीम इंडिया ने सुबह 64/1 के स्कोर से खेलना शुरू किया। तीसरे दिन इंग्लैंड पहली पारी में 407 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को पहली पारी में 180 रन की बढ़त मिली। जैमी स्मिथ ने 184 और हैरी ब्रूक ने 158 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने 6 और आकाशदीप ने 4 विकेट लिए। भारत ने पहली पारी में कप्तान शुभमन गिल (269 रन) के दोहरे शतक के सहारे 587 रन बनाए।

### तीसरे दिन बने यह रिकॉर्ड्स...

**बेन स्टोक्स का पहला गोल्डन डक** - इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स पहली ही गेंद पर कॉट बिहाइंड हो गए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने बाउंसर फेंक कर विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। 113 टेस्ट के करियर में स्टोक्स 16वीं बार जीरो पर आउट हुए, लेकिन पहली बार ही किसी बॉलर ने उन्हें पहली गेंद पर पवेलियन भेजा।टेस्ट क्रिकेट में बगैर गोल्डन डक के सबसे ज्यादा पारियां खेलने का रिकॉर्ड भारत के राहुल द्रविड़ के नाम है। जो 286 पारियों बाद गोल्डन डक हुए थे।

**जैमी स्मिथ ने 80 बॉल पर शतक लगाया** - इंग्लैंड के विकेटकीपर बैटर जैमी स्मिथ ने महज 80 गेंद पर शतक लगा दिया। यह इंग्लैंड से चौथा सबसे तेज टेस्ट शतक रहा। फास्टेस्ट सेंचुरी का रिकॉर्ड गिल्बर्ट जेसप के नाम है, जिन्होंने 1902 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 76 गेंद पर सेंचुरी लगा दी थी।

**ब्रूक ने सबसे तेज 2500 रन बनाए** - इंग्लैंड से हैरी ब्रूक ने भी शतक लगाया, उन्होंने 158 रन की पारी खेली।






**भारत के खिलाफ छठे विकेट के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप** - जैमी स्मिथ और हैरी ब्रूक ने छठे विकेट के लिए 303 रन की पार्टनरशिप की। यह इंग्लैंड से भारत के खिलाफ किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी रही। इंग्लैंड से भारत के खिलाफ छठे विकेट के लिए यह सबसे बड़ी पार्टनरशिप रही। ब्रूक-स्मिथ ने जॉनी बेयरस्टो और क्रिस वोक्स का रिकॉर्ड तोड़ा। दोनों ने 2018 में लॉर्ड्स स्टेडियम में 189 रन जोड़े थे।

**11 साल बाद भारत के खिलाफ 300+ रन की पार्टनरशिप** - भारत के खिलाफ टेस्ट में 11 साल बाद किसी भी विकेट के लिए 300 से ज्यादा रन की पार्टनरशिप हुई। 2014 में आखिरी बार न्यूजीलैंड के ब्रेंडन मैक्कलम और बीजे वाटलिंग ने छठे विकेट के लिए ही 352 रन जोड़े थे। भारत के खिलाफ टेस्ट में 12वीं बार 300 से ज्यादा रन की पार्टनरशिप हुई।

### प्लेइंग-11

इंग्लैंड- बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

भारत- शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

# विंबलडन- आंद्रे रूबलेव राउंड ऑफ 16 में पहुंचे

### फिट्ज ने भी थर्ड राउंड का मैच जीता; विमेंस सिंगल्स में मैडिसन कीस बाहर

**पेरिस (एजेंसी)।** विंबलडन के थर्ड राउंड में आंद्रे रूबलेव ने राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। उन्होंने एड्रियन मन्नारिनो को सीधे सेट में हराकर अगले राउंड में पहुंचे। वहीं विमेंस सिंगल्स छठी सीड मैडिसन कीस को उन्हें जर्मनी की सिगमंड ने हराकर बाहर कर दिया।





**मेंस सिंगल्स में फिट्ज जीते** - रूबलेव ने फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो को 7-5, 6-2, 6-3 के अंतर से हराया। मेंस सिंगल्स में रूबलेव के अलावा अमेरिका के टेलर फिट्ज, इंग्लैंड के कैमरन नोरी, ऑस्ट्रेलिया के लुसियानो डारडेरी, पोलैंड के कामिल माचजैक और चीली के निकोलस जेरी को भी जीत मिली। सभी ने राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली। यह मुकाबले रविवार से खेले जाएंगे।

**मेंस डबल्स में जीती टॉप सीड जोड़ी** -मेंस डबल्स में नंबर-1 सीड मार्सेलो अरेवालो और मैट पैविक की जोड़ी ने अगले राउंड में जगह बना ली। दोनों ने स्पेन के जौम मुनार और पेड्रो मार्टिनेज की जोड़ी को हराया। दूसरी सीड हेनरी पैटन और हैरी हेलोवारा की जोड़ी ने भी अगले राउंड में जगह बना ली।

**विमेंस सिंगल्स में मैडिसन कीस बाहर** - विमेंस सिंगल्स में अमेरिका से छठी सीड मैडिसन कीस को उलटफेर का शिकार होना पड़ा।

# आबकारी विभाग द्वारा मोटरसाइकिल से 340 पाव शराब ले जाते एक आरोपी पकड़ा

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर पन्ना जिले में आबकारी विभाग द्वारा लगातार अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी श्री मुकेश मौर्य के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल जाटव के नेतृत्व में पन्ना वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय के द्वारा पवई सलेहा मार्ग पर एक मोटर साइकिल पर 340 पाव देशी शराब सादा अवैध परिवहन करते हुए एक आरोपी को धर दबोचा जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया ।

आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि विश्वस्त मुखबिर से सूचना मिली थी, कि एक बिना नंबर की मोटर साइकिल से दो व्यक्ति पवई की तरफ से भारी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन कर रहे है । उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और उनके निर्देश पर आबकारी दल शंकरगढ़ तिराहे को रवाना हुआ । वहां छिपकर इंतजार करने पर कुछ देर पश्चात



एक संदिग्ध मोटर साइकिल आती दिखी, आबकारी दल द्वारा उस मोटर साइकिल को रोका गया तो उस पर सवार दोनों संदिग्ध व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया, जिसमें एक व्यक्ति को भागने में सफलता मिल गई और दूसरा व्यक्ति मौके पर पकड़ा गया । पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम प्रिंस सिंह बुंदेला पिता जयपाल सिंह बुंदेला उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम नेगुवा ग्राम पंचायत पुरैना थाना गुनौर जिला पन्ना बताया । मोटरसाइकिल पर रखी बड़ी बोरी (झाल) में रखे सामान के बारे में पूछने पर आरोपी के द्वारा शराब होना बताया । उक्त शराब के संबंध में आरोपी के पास कोई वैध परमिट या लायसेंस नही मिला। उक्त झाल की विधिवत तलाशी और गणना की गई तो 340 नग (पाव) में भरी देशी शराब सादा कुल मात्रा 61.2 बल्क लीटर अनुमानित कीमत लगभग 25,500 रुपए और मोटर साइकिल की अनुमानित कीमत लगभग 75,000 रूपये पाई गई । उक्त आरोपी प्रिंस सिंह को 50 बल्क लीटर से अधिक शराब होने से मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के अपराध में मौके से गिरफ्तार किया गया । आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसके साथ अवैध शराब के परिवहन में साथ में धीरेन्द्र सिंह पिता प्रेम सिंह, उम्र 28 वर्ष, निवासी महुआखेड़ा थाना सलेहा जिला पन्ना था, जो मौके से फरार हो गया । अवैध शराब के स्त्रोत की पूछताछ में युवराज बुंदेला उर्फ मनी राजा उम्र 24 वर्ष, पिता गुल्लू बुंदेला ग्राम बुधेड़ा थाना अमानगंज जिला पन्ना एवं भवन सिंह बुंदेला उर्फ विक्की राजा उम्र 27 वर्ष पिता नरेंद्र सिंह बुंदेला ग्राम मझियारी थाना गुन्नौर जिला पन्ना से लेना बताया । ये दोनों अलग अलग समय पर अलग अलग स्थानों पर अवैध शराब लाकर देते थे । इनके अलावा भी अन्य लोग भी शराब देने आते थे, जिनके नाम मैं नहीं जानता, लेकिन चेहरे से पहचानता हूँ । प्रकरण की विवेचना जारी है, प्रकरण और भी आरोपी हो सकते है । आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा हेतु पन्ना न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जिला जेल पन्ना भेजा गया । अवैध शराब के कारोबारियों द्वारा पुराने लोगों से शराब का परिवहन न करा कर नवयुवकों को भ्रमित कर लालच देकर करवाया जा रहा है इस कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय, हरीश पाण्डेय, आबकारी आरक्षक कुलदीप जाटव, महिला आरक्षक स्मिता ठाकुर , सोनू कोरकू, नगर सैनिक मोतीलाल प्रजापति, फोटोलाल प्रजापति, वीरेंद्र यादव और जहान सिंह यादव शामिल रहे।

# जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा बदहाल, मरीज परेशान



**पन्ना।** जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली 108 एम्बुलेंस सेवा खुद वेंटिलेटर पर है। जिले में कुल 34 एम्बुलेंस होने का दावा किया जाता है, जिनके माध्यम से मरीजों को मेडिकल कॉलेजों और अन्य अस्पतालों में रेफर करने की सुविधा प्रदान की जाती है। हालांकि, मौजूदा स्थिति यह है कि इनमें से आधे दर्जन से अधिक एम्बुलेंस खराब पड़ी हैं, जिसके चलते मरीजों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

हालात की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पन्ना के अमानगंज स्थित डाला में एक 108 एम्बुलेंस लंबे समय से लावारिस खड़ी है, जिसके टायर समेत कई महत्वपूर्ण उपकरण चोरी हो चुके हैं। यह केवल एक उदाहरण है, ऐसी कई अन्य एम्बुलेंस विभिन्न कारणों से निष्क्रिय पड़ी हैं। इस महत्वपूर्ण सेवा का पूरा ठेका छत्तीसगढ़ की जय अम्बे इमरजेंसी सर्विस के पास है, लेकिन उनके द्वारा वाहनों का समय पर रखरखाव नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा पन्ना जिले की आम जनता भुगत रही है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को। खराब एम्बुलेंसों के कारण मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचने में दिक्कतें आ रही हैं, जिससे उनकी जान पर बन रही है। कई बार गंभीर मरीजों को निजी वाहनों या अन्य अनुपयुक्त साधनों से ले जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे उनकी स्थिति और बिगड़ सकती है।

स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को इस गंभीर मामले पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है। ठेकेदार कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी 108 एम्बुलेंस तत्काल प्रभाव से दुरुस्त की जाएं और पूरी तरह से परिचालन में आएं। मरीजों को आपातकालीन स्थिति में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके, यह सुनिश्चित करना सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## इनका कहना है

*आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है में जिला मैनेजर से बात करता हूँ।*

**आर पी तिवारी**
**सीएमएचओ पन्ना**

*में अभी छुट्टी पर था व्यवस्था जल्द सुधरेगी 5- 6 गाड़ियां खराब है।*

**मुलायम सिंह**
**जिला मैनेजर 108 पन्ना**

# संदीपनी सीएम राइस विद्यालय गुनौर की शैक्षणिक व्यवस्था चौपट



**पन्ना।** संदीपनी सीएम राइस विद्यालय गुनौर की शैक्षणिक व्यवस्था चौपट है विद्यालय के प्राचार्य प्रभु दयाल मिश्रा लापरवाह बने हुए हैं तथा मनमाने ढंग से विद्यालय पहुंचते हैं जिससे विद्यालय के अन्य शिक्षक भी लापरवाही को अंजाम दे रहे हैं जबकि सरकार द्वारा सीएम राइस विद्यालय। खोले जाने के पीछे छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने का उद्देश्य बनाया गया था लेकिन संबंधित विद्यालयों में नया स्टाफ न भरने के कारण वही पुराने शिक्षक रखे गए हैं जो पढ़ाई करने में रुचि नहीं ले रहे हैं।

प्राचार्य को पढ़ाई की कोई चिंता.. नहीं है.. ज्ञात होकी गुनौर नगर के बीचों बीच बना हायर सेकेण्ड्री स्कूल चर्चा का विषय बना हुआ है और प्राचार्य की कार्यप्रणाली विवादों के घेरे में हैं जहाँ स्कूल कोई और चला रहा है कहीं ड्रेस को लेकर तो कहीं पढ़ाई और अन्य सुविधाओं को लेकर वहां पदस्थ अतिथि शिक्षक बच्चों से कह रहे की हमारे कहे अनुसार विषय लो नहीं तो पास नहीं हो पाओगे बच्चों में डर का माहौल है और पढ़ाई न होने से अभिभावक चिंता में है प्रशासन से माँग की है की इस ?र ध्यान दिया जाये गौरतलब हैं कि विद्यालय में अधिकांश स्थानीय स्टाफ होने के कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तथा स्थानीय शिक्षक पढ़ाई में रुचि नहीं ले रहे है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लोकल स्टाफ है हटाया जा तभी विद्यालय की व्यवस्था सुधर सकती है सीएम राइस विद्यालय गुनौर में छात्राओं की संख्या भी बहुत अधिक है।

## युवा बेरोजगारों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराए सरकार, रिक्त पदों की पूर्ति की जाए: पांडे



**पन्ना।** मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के जिला प्रवक्ता डॉक्टर एमपी पांडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को एक सूत्रीय ज्ञापन भेजते हुए उल्लेख किया है कि वर्तमान समय में बेरोजगारी चरम सीमा पर है क्योंकि शासकीय नौकरियां नहीं निकल रही हैं जबकि केंद्र तथा प्रदेश के अधिकांश कार्यालय में अधिकारी कर्मचारियों के लाखों पद रिक्त पड़े हुए हैं एवं प्रत्येक माह हजारों कर्मचारी सेवा निवृत्त हो रहे हैं इसलिए तत्काल रिक्त पदों की जानकारी एकत्रित करते हुए विभिन्न विभागों में पदों की पूर्ति करने का अनुरोध किया है डॉ पांडे ने कहा कि यदि रिक्त पदों की पूर्ति हो जाए तो लाखों युवा बेरोजगारों को शासकीय स्तर पर रोजगार मिल सकता है श्री पांडेने कहा इस दिशा में देश की संवेदनशील सरकार को तत्काल कदम उठाना चाहिए क्योंकि युवा देश की रीड है उनका संरक्षण करना सरकार का धर्म है।

# पूर्व विधायक राजू पोद्दार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने

**पन्ना।** कैलाश मानसरोवर, तिब्बत की चीन के कब्जे से मुक्ति के अभियान को गति देने संघ ने अपनी केंद्रीय समिति विस्तार करते हुए पूर्व विधायक राजू पोद्दार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है भारत तिब्बत सहयोग मंच के के तत्वाधान में यह कार्यक्रम पूरे देश में लगातार चल रहा है विदित हो तिब्बत अनादि काल से हमारा आध्यात्मिक भाई रहा है, चीन एक क्रूर विस्तारवादी देश है उसकी नापाक नजरे तिब्बत पर गड़ी हुई थी। 1951 में उसने तिब्बत पर बलात कब्जा कर एक स्वतंत्र देश का अस्तित्व समाप्त करके अपनी सीमाओं में मिला लिया, फल स्वरुप वहां के सर्वे सर्वा दलाई लामा जी को जान बचाने भाग कर भारत में आकर शरण लेनी पड़ी भारत ने अपनेपन का परिचय देते हुए परम पावन दलाई लामा जी



को भारत में शरण दी। यही से तिब्बत की निर्वासित सरकार का संचालन करने की अनुमति दी जो आज तक अनवरत काम कर रही है भारत सरकार और देश की जनता पूरा सहयोग कर रही है। तिब्बत पर कब्जा कर लेने से हमारी सनातन आस्था का केंद्र कैलाश मानसरोवर भी चीन के कब्जे में चला गया। सनातन धर्मावलंबियों को कैलाश मानसरोवर जाकर पवित्र सरोवर में डुबकी लगाने के लिए चीन सरकार की स्वीकृति पर निर्भर होना पड़ गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जो की सनातन आस्था, भारत की सुरक्षा का सतर्क सजग प्रहरी है। हिंदुत्व अस्तित्व संबंधी प्रत्येक घटना,हलचल पर चिंतन मनन कर अपनी कार्य दिशा तय करता है अपने स्वयंसेवक, कार्यकर्ता, पदाधिकारियों के माध्यम से काम करता है, उसके द्वारा 1999 में भारत तिब्बत सहयोग मंच की स्थापना कर कैलाश मानसरोवर, तिब्बत की चीन के कब्जे से मुक्ति के कार्य हेतु अपने वरिष्ठ अनुभवी कार्यकर्ता, पदाधिकारी डॉ इंद्रेश जी को इस समस्या के समाधान पर काम करने के लिए लगाया। तब से भारत तिब्बत सहयोग मंच संपूर्ण देश और देश के बाहर जन जागरण का कार्य कर रहा है।

विगत 28,29 जून को दिल्ली में संपन्न राष्ट्रीय परिषद की बैठक के पूर्व भारत तिब्बत सहयोग मंच के कार्य को और गति व विस्तार देने के लिए अपने ऊर्जावान नेतृत्व में से एक रुपेश जो कि जम्मू कश्मीर,पंजाब, हिमाचल और चीन की सीमा से सटे अन्य सभी क्षेत्रों का गहन अध्ययन कर विस्तृत जानकारी रखते हैं उनको और एक पालक अधिकारी के रूप में नियुक्त किया। कटनी के पूर्व विधायक श्री गिरिराज किशोर राजू पोद्दार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया उनकी नियुक्ति पर इष्ट मित्रों शुभचिंतक मंच के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।।

# नकली घी से बना प्रसाद खाने से तीन दर्जन बीमार

## अजयगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है इलाज

**पन्ना**

पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सिहाई निवासी यादव परिवार द्वारा अजय पाल किले में धार्मिक कार्यक्रम करके नकली घी से बने पूरी सब्जी आदि का प्रसाद खा लेने से लगभग 30 से अधिक लोग बीमार पड़ गए उल्टी दस्त होने के चलते लगभग 20 लोगों का अजयगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है जानकारी के अनुसार तिलक सिंह यादव निवासी



सिन्हाई द्वारा अजयगढ़ स्थित मिजाजी गुप्ता की दुकान से प्रसाद के लिए आयशा कंपनी का भी खरीदा था जिससे प्रसाद बनाया गया था प्रसाद खाते ही सभी लोगों को उल्टी दस्त होने लगी जिसमें लगभग 20 लोग पुरुष महिला बच्चे स्वास्थ्य के अंदर जागरण में भर्ती किए गए तथा उनका इलाज चल रहा है जो बीमार हुए हैं उनमें नीरज यादव त्रिलोक यादव सुमन यादव देवेंद्र यादव रविंद्र यादव गेंदाबाई पूजा सुमित अनुज आदि शामिल है घटना की जानकारी मिलते ही दूषित घी का सैंपल लेने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश राय अजयगढ़ पहुंचे तथा उक्त घी का सैंपल दुकान से एवं संबंधित से लिया गया।। बताया जाता है कि उक्त घी पूजा सामग्री के लिए होता है लेकिन संबंधों द्वारा खाने के रूप में इस्तेमाल किया गया।

## न्यायालय में पदस्थ महिला कर्मचारी की रीवा मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान हुई मौत

**पन्ना।** पन्ना जिले के अजयगढ़ तहसील स्थित न्यायालय में पदस्थ कर्मचारी प्रियंका रैकवार ने ड्यूटी के दौरान 1 जुलाई को जहर खा लिया था जिसे तत्काल स्वास्थ्य केंद्र अजयगढ़ में भर्ती कराया गया था हालात खराब होने के चलते जिला चिकित्सालय रेफर किया गया था तथा जिला चिकित्सालय के डॉक्टर द्वारा संजय मेडिकल कॉलेज रीवा इलाज के लिए भेज दिया गया था इलाज के बाद महिला की मौत हो गई लेकिन स्पष्ट नहीं हुआ है कि आखिर उसने किन कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन किया था मृतक महिला के परिजन रीवा मेडिकल कॉलेज पहुंच गए हैं।

# जन्म दिवस पर पौधरोपण का लिया संकल्प

**पन्ना।** शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा के शिक्षक सतानंद पाठक ने अपने जन्म दिवस पर पौधरोपण का संकल्प लिया है। विगत दिवस शिक्षक द्वारा जन्म दिन पर विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। शिक्षक की यह अद्भुत पहल प्रेरणादायी है। इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में योगदान और अपनी महती भूमिका के निर्वहन के साथ सराहनीय प्रयास किया गया है, जो निश्चित रूप से दूसरों को भी प्रेरित करेगा। इससे छात्रों में भी प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत हुई है।



गत दिवस विद्यालय परिसर में पौधरोपण के दौरान विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और इसके लिए मुहिम शुरू करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर शिक्षक ने विद्यालय के अन्य शिक्षकों एवं बच्चों को विद्यालय में शपथ भी दिलवाई तथा एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान में वृहद स्तर पर पौधे रोपने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका माया खरे, शिक्षिका अंकिता जैन एवं शिक्षक विवेक सिंह भी उपस्थित रहे।

# भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की बैठक संपन्न



**पन्ना।** गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर को भव्य दिव्य बनाने व भगवती मानव कल्याण संगठन, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक लेने मुख्य रूप से भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल विश्वकर्मा रैपुरा पहुंचे। जहां पर उन्होंने समाज को नशामुक्त बनाने योजना तैयार की श्री दुर्गा चालीसा पाठ, आरती क्रम के अधिक से अधिक दिव्य अनुष्ठान करने का संकल्प लिया जिससे समाज को नई दिशा मिल सके?।

भगवती मानव कल्याण नशें-मांस भय-भूख-भ्रष्टाचार जातिवाद-छुआछूत सांप्रदायिकता से मुक्त चेतनावान चरित्रवान समाज निर्माण हेतु लगातार संगठन व पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा गुरुदेव के द्वारा अब तक कई करोड़ लोगों को नशें-मांस भय-भूख-भ्रष्टाचार जातिवाद-छुआछूत से मुक्त चेतनावान चरित्रवान संभागीय सचिव संजय पटेल, जिला अध्यक्ष संजय पटेल, पार्टी जिला अध्यक्ष बब्लू यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राजू लोधी, प्रवक्ता रामेश्वर ध्रुवे, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस ने पेट्रोल बम से हमले के 2 नाबालिग आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सतना।** नागौद कस्बे में एएनएम के घर के बाहर खड़ी कार पर पेट्रोल बम फेंककर आग लगाने की घटना में पुलिस ने 2 नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें किशोर न्यायालय में पेश किया गया है। टीआई अशोक पांडेय ने बताया कि 29 जून की रात को एएनएम रमा गौतम पति ओमप्रकाश गौतम का बेटा उज्जवल गौतम 21 वर्ष, अपने दोस्त की कार क्रमांक एमपी 19 जेडएफ 2455 को घर ले आया और सुरक्षा के लिहाज से बाउंड्री के अंदर खड़ा कर दिया, तब देर रात लगभग ढाई बजे 3 नकाबपोश कार में आग लगाकर भाग निकले। इस घटना की शिकायत पर कायमी कर सीसीटीवी फुटेज से 3 आरोपी चिन्हित किए गए, जिनमें से 2 नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने पुराने विवाद के चलते घटना को अंजाम देने का खुलासा किया।

# एसी में ब्लास्ट से घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान हुआ खाक

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत पुष्पराज कॉलोनी के एक घर में एयर कंडिशनर में ब्लास्ट से आग लग गई, जिससे गृहस्थी का पूरा सामान नष्ट हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय घर पर कोई नहीं था, जिससे जनहानि टल गई। पुलिस ने बताया कि ऑटो ड्राइवर धेनू गुप्ता अपनी मां के साथ पुष्पराज कॉलोनी में रहता है। बुधवार शाम को वह गाड़ी लेकर काम पर निकल गया, जबकि मां सीता गुप्ता ताला लगाकर बाजार चली गई थी।

रात करीब 8 बजे जोरदार धमाके के साथ घर के अंदर आग लग गई, तब आवाज सुनकर बाहर आए पड़ोसी



श्रीकांत ने फौरन ऑटो ड्राइवर को फोन किया तो वह काम छोड़कर घर लौटा आया और पड़ोसियों की मदद से अंदर घुसकर आग पर काबू पा लिया। इसके बावजूद आगजनी से एसी समेत एलईडी टीवी, फ्रिज, पंखा, फर्नीचर, पलंग और जरूरी कागजात व कपड़े जलकर नष्ट हो गए।

पीड़ित ने घटना की शिकायत कोतवाली में दर्ज कराते हुए बताया कि बीते 11 जून को ही उसने नया एसी खरीदा था, जिसमें कंपनी के कर्मचारी घर में लगा गए थे। ब्लास्ट के समय एसी बंद था। रिपोर्ट मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई है।

# असली एवं नकली किन्नरों की भिड़ंत, बीच सड़क किया मुंडन

**सतना।** शहर के कृष्णनगर इलाके में गुरुवार को असली और नकली किन्नरों के बीच अजीबोगरीब टकराव देखने को मिला। खुद को किन्नर बताकर घर-घर जाकर वसूली कर रहे एक व्यक्ति को असली किन्नरों ने बीच सड़क पर पकड़ लिया और उसका सिर मुंडवा दिया। यह घटना सुखेजा हाउस के पास दोपहर करीब साढ़े 11 बजे हुई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ऑटो में सवार होकर 8 लोग इलाके में पहुंचे थे, जिनमें से 4 ढोलक बजा रहे थे और बाकी घरों में जाकर यह पूछ रहे थे कि क्या कोई उत्सव या मांगलिक कार्य है। उनकी गतिविधियों को देखकर स्थानीय लोगों को संदेह हुआ तो उन्होंने असली किन्नरों को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही कुछ असली किन्नर मौके पर पहुंचे।

उन्हें देखते ही नकली किन्नरों में भगदड़ मच गई। 7 लोग भागने में सफल हो गए, लेकिन एक व्यक्ति पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति को बीच सड़क पर लाकर पहले उसके कपड़े उतरवाए गए और फिर कैंची व उस्तरे से उसका मुंडन कर दिया गया। यह दृश्य देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। इस घटना ने शहर में चर्चा का विषय बना दिया है। जहां एक ओर नकली किन्नरों की पहचान और ठगी के प्रयास को रोकना जरूरी है, वहीं सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस प्रशासन की भूमिका और मामले में कार्रवाई को लेकर अब लोगों की नजरें प्रशासन पर टिक गई हैं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, रविवार 06 जुलाई 2025 | 8


रीवा में संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर आगामी 9 जुलाई को आयोजित होने वाली अखिल भारतीय हड़ताल में मध्य प्रदेश किसान सभा भी बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करेगी श्रमिक लेबर कोड को रद्द करने की मांग को लेकर हड़ताल पर है।



## समूह नल-जल योजना में पाइप लाइन बिछाने की हर सप्ताह रिपोर्ट दें

### हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य तय समय सीमा में पूरा करें : कमिश्नर




**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि हर घर में नल से जल पहुंचाने की प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना के निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं। निर्माण एजेंसियों के कार्यों की प्रगति की नियमित रिपोर्ट दें। पाइपलाइन बिछाने के कार्य की हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निर्धारित समय सीमा के अनुसार कार्यों की प्रगति धीमी है। संभाग के पाँच जिलों को पेयजल की आपूर्ति करने वाली बाणसागर बांध पर आधारित तीन बड़ी समूह नल-जल योजनाओं का कार्य तेजी से करें। इन सबका कार्य इस वर्ष मार्च माह तक पूरा हो रहा था। इन्हें एक वर्ष का अतिरिक्त समय दिया गया है। समूह नल-जल योजनाओं के बड़े निर्माण कार्य दिसम्बर माह तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। निर्माण कार्य में किसी भी तरह की बाधा आने पर तत्काल अवगत कराएं।

कमिश्नर ने कहा कि जल जीवन मिशन से हर घर में नल से जल पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इससे जुड़े निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा कराएं। घरों में नल कनेक्शन की प्रगति की भी हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिन गांवों में पानी की आपूर्ति की जा रही है वहाँ निर्धारित की गई जल कर की राशि भी ग्राम पंचायत के सहयोग से एकत्रित करें। इन गांवों में भी जल उपभोक्ताओं से सतत संवाद रखें। पानी की आपूर्ति के संबंध में किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर उसे तत्काल दूर कराएं। समूह नल-जल योजनाओं के कार्यों में सहयोग के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं की भी सेवाएं ली जा रही हैं। इनके माध्यम से लोगों को नल-जल योजनाओं के संचालन, संधारण, जल कर की वसूली आदि के संबंध में जागरूक करें। नल-जल योजना के पानी का दुरूपयोग भी नहीं होना चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सतना बाणसागर तथा सीधी बाणसागर समूह नल-जल योजना में जल शोधन संयंत्र का कार्य 15 सितम्बर तक पूरा कराएं। कंदैला समूह नल-जल योजना में पेयजल की आपूर्ति के साथ नल-जल योजना ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर करें। सीधी गुलाबसागर समूह नल-जल योजना से 323 गांवों में पेयजल की आपूर्ति होगी। इसमें संजय टाईगर रिजर्व के क्षेत्र में वन विभाग से अनुमति प्राप्त होने के बाद कार्य होगा लेकिन शेष क्षेत्र में तेजी से कार्य कराएं। इससे जुड़े सभी निर्माण कार्य जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से पूरा करें। बैठक में कमिश्नर ने सिंगरौली जिले की गोड़-देवसर समूह नल-जल योजना, सतना बाणसागर एक और बाणसागर दो समूह नल-जल योजना तथा रीवा बाणसागर समूह नल-जल योजना की बिन्दुवार समीक्षा की। कमिश्नर ने आगामी समीक्षा बैठक में निर्माण एजेंसियों को भी उपस्थित कराने के निर्देश दिए।

बैठक में पाइपलाइन बिछाने, टंकियों के निर्माण, डब्ल्यूटीपी निर्माण तथा इंटेक वेल निर्माण की समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, जल जीवन मिशन के जिला प्रबंधक रीवा चित्रांशु, जिला प्रबंधक सीधी नीरव अग्रवाल, जिला प्रबंधक सतना विवेक कुमार, जिला प्रबंधक सिंगरौली पंकज बाधवानी, सहायक प्रबंधक नीतेश सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 155.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में एक जून से अब तक 155.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 171.6 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 120.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 234 मिलीमीटर, सिरमौर में 216.2 मिलीमीटर, त्योंथर में 67 मिलीमीटर, सेमरिया में 171 मिलीमीटर, मनगवां में 146 मिलीमीटर तथा जवा में 117 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 76.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी।

## कमिश्नर करेंगे स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद 16 जुलाई को कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक सुबह 11 बजे आरंभ होगी।

## ननि द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन



**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 5 जुलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किये गये। नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा जोन क्र. 04 वार्ड 26 स्थित वेदांता पब्लिक स्कूल, छत्रपति नगर में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को बारिश के मौसम में होने वाली विभिन्न बीमारियों से सुरक्षा एवं बचाव हेतु विशेष जानकारी दी गई साथ ही बताया गया कि सबसे पहले स्वयं की सफाई, अपने घर की सफाई अपने आस-पड़ोस मोहल्ले, शहर को साफ स्वच्छ रखना होगा। जिससे किसी भी तरह की बीमारियां ना पनपें और हम बीमारियों से ग्रसित ना हो, विद्यालय परिसर में उपस्थित सभी अध्यापक व छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के संबंध में स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। इसी के साथ स्वच्छता टीम के द्वारा जोन क्रमांक 01 वॉर्ड क्रमांक 35 में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत पचमठा घाट में श्रमदान का आयोजन करते हुये घाट एवं उसके आसपास कचरे की सफाई की गई। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द्र चतुर्वेदी, स्वच्छता निरीक्षक, वॉर्ड दरोगा, सफाई मित्र एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## आगामी त्यौहार (रमजान) को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस के द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च



**रीवा।** आगामी रमजान त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिये पुलिस महानिरीक्षक श्री गौरव राजपूत रीवा जोन रीवा एवं उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा क्षेत्र रीवा श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती रितु उपाध्यायव श्री राजीव पाठक के नेतृत्व में शहर के थाना प्रभारी एवं यातायात प्रभारी के साथ दिनांक 05.07.2025 की शाम को पुलिस कन्ट्रोलरूम रीवा से शहर के मुख्य मार्गो पर फ्लैग मार्च निकला गया। जिसमें लोगो से आगामी त्यौहार को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के साथ-साथ कानून व्यवस्था को बनाये रखने की अपील की गई।

## न्यायालय द्वारा एनडीपीएस एक्ट के आरोपियों को 12 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**रीवा।** न्यायालय पंचम अपर जिला न्यायाधीश अति.विशेष न्यायाधीश, एन.डी.पी.एस.एक्ट जिला रीवा (म.प्र.) की न्यायालय द्वारा आरक्षी केन्द्र थाना हनुमना के अपराध क्र.613/2022 एन.डी.पी.एस. एक्ट के मामले में आरोपी अरमान मोहम्मद, सैफ अली, सरफराज अंसारी एवं आरिफ मोहम्मद को अपराध अन्तर्गत धारा 8,21,22 स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम एवं 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के मामले में दिनांक 4 जुलाई 25 को 12-12 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक-एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित करने का आदेश पारित किया। अर्थदण्ड की राशि न जमा करने पर एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भुगताये जाने का आदेश सुनाया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक सुनील कुमार शर्मा ने किया।

अति.लोक

अभियोजक सुनील कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 17.11.2022 को दोपहर 2 बजे मुखबिर की सूचना पर थाना हनुमान को सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की बुलोरो वाहन क्र.17 सीबी/2112 से अवैध नशीली कफ सिरफ की खेप उत्तर प्रदेश के हनुमना वार्डर से हनुमान थाना की सीमा में प्रवेश करेगी। थाना प्रभारी मऊगंज हमराह स्टाफ के साथ मुखबिर के बताये स्थान बड़कुड़ा वार्डर तरफ रवाना होकर एन.एच.133 डीपी होटल के पास पुलिया पर घेराबंदी किये जाने पर संदेही वाहन जप्त किया गया जिसमें चार लोग सबार थे। ड्राइबर सीट पर बैठा व्यक्ति अपना नाम सरफराज अंसारी जिसके बगल में बैठा व्यक्ति अपना नाम सैफ अली पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अरमान मोहम्मद और चौथा व्यक्ति अपना नाम आरिफ मोहम्मद बताया। चारो संदेहियों की जामा तलाशी समक्ष गवाहान कराई गई आरोपियों के संयुक्त अधिपत्य की बुलेरो की सबसे पीछे बाली सीट (डिक्की) में खाकी सात रंग के कार्टून मिले जिसमें नशीली आरनेक्स कफ सिरफ होना पाया गया। जांच में नशीली कफ सिरप का अवैध परिवहन एवं तस्करी करना होना पाये जाने पर 800 सीसी अवैध कफ सिरप बरामद होने पर स्थल गणना पंचनामा तैयार किया जाकर आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएसएक्ट एवं ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किये जाकर मामले की विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय विशेष न्यायालय एनडीपीएस एक्ट में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण का विचारण माननीय पंचम अपर जिला न्यायाधीश एवं विशेष न्यायालय द्वारा किये जाने पर अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक सुनील कुमार शर्मा द्वारा 14 अभियोजन साक्षियों की साक्ष्य परीक्षित कराई गई। बचाव पक्ष द्वारा भी अपने साक्षी न्यायालय में प्रस्तुत किये गये। अभियोजन की ओर से प्रस्तुत की गई साक्ष्य एवं प्रमाण तथा आरोपीगण की ओर से प्रस्तुत किये गये प्रतिरक्षा साक्ष्य/बचाव साक्षियों पर विधिवत विचारण करते हुए माननीय न्यायालय ने निष्कर्ष के आधार पर एवं अपराध की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए सभी आरोपीगणों को 12-12 वर्ष के कठोर कारावास की सजा एवं एक-एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड की राशि न जमा करने पर एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगताये जाने का निर्णय पारित किया गया।

## मऊगंज जिले में अब तक 432 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**मऊगंज।** मऊगंज जिले में एक जून से अब तक 432 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जिले में 5 जुलाई को 24 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस दिन तहसील मऊगंज में 20 मिलीमीटर, हनुमना में 28 मिलीमीटर तथा नईगढ़ी में 24 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि एक जून से अब तक तहसील मऊगंज में 272.2 मिलीमीटर, हनुमना में 562.3 मिलीमीटर तथा नईगढ़ी में 461.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 154.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की सामान्य औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## दुर्घटनाएं रोकने के लिए क्योटी जलप्रपात में दी जा रही चेतावनी

### रील बनाने और फोटो खींचने के लिए गहरे पानी में न जाएं पर्यटक

रीवा

अच्छी बारिश होने के साथ ही जिले के जलप्रपातों के सौंदर्य में निखार आ गया है। इन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक जलप्रपातों में पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए जलप्रपातों में संकेतक बोर्ड लगाने के साथ-साथ ग्राम पंचायत द्वारा लाउडस्पीकर से चेतावनी दी जा रही है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गंगेव प्राची चौबे ने बताया कि क्योटी जलप्रपात में कई स्थानों पर पत्थरों में चेतावनी अंकित कराई गई है। जिन स्थानों में जाने पर दुर्घटना हो सकती है उससे पहले चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं। बोर्ड ऐसे स्थानों पर लगाए जा रहे हैं जहाँ आमजनता की दृष्टि आसानी से चली जाए। ग्राम पंचायत द्वारा पर्यटकों को गहरे पानी और कुण्ड में न जाने की लगातार चेतावनी दी जा रही है। चचाई जलप्रपात में आने वाले कई अंजान पर्यटक भूलवश गहरे पानी में उतरकर अपना जीवन दांव पर लगा देते हैं। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए जगह-जगह बोर्ड लगाए गए हैं। इसके साथ-साथ आसपास के पत्थरों पर भी चेतावनी दर्ज की गई है। पर्यटक निश्चित दूरी से ही चचाई जलप्रपात को देखने का आनंद लें। रील बनाने, फोटो खीचने के लिए गहरे पानी में जाने का दुस्साहस न करें। इससे आपके जीवन में संकट आ सकता है।



## चौरसिया समाज समिति की आवश्यक बैठक आज

**रीवा।** अखिल भारतीय चौरसिया समाज समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 6 जुलाई को अपरहान 3.00 बजे चौरसिया यूनिटी भवन महसांव जिला रीवा में आवश्यक बैठक आहुत की गई है। बैठक में 29 जुलाई 2025 को नागपंचमी पर्व एवं चौरसिया दिवस कार्यक्रम हेतु वृहद मंत्रणा की जायेगी। प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौरसिया ने सभी आपेक्षित पदाधिकारियों, सदस्यों एवं समाज के वरिष्ठ नागरिकों को बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

## एकल नल-जल योजनाओं से नल कनेक्शन का लक्ष्य दिसम्बर तक पूरा करें

### कार्य योजना में बसाहटों को छोड़ने वाले अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय होगी : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि एकल नल-जल योजनाओं का कार्य पूरा होते ही उन्हें ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर करें। इन योजनाओं में जहाँ समूह नल-जल योजना से पानी मिलेगा वहाँ पर टंकी तथा पाइपलाइन का निर्माण पूरा कराकर पानी के वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। एकल नल-जल योजनाओं का निर्माण कार्य पूरा कराकर निर्धारित लक्ष्य अनुसार सभी घरों में दिसम्बर माह तक नल कनेक्शन अनिवार्य रूप से कराएं। नल-जल योजनाओं के निर्माण के लिए वर्ष 2019 में किए गए सर्वे में कई बसाहटों को छोड़ दिया गया। जिसके कारण अधिकांश गांवों की कार्ययोजना को रिवाइज किया जा रहा है। जिन अधिकारियों ने सर्वे कार्य में लापरवाही बरतकर बसाहटों को नल-जल योजना के लाभ से वंचित किया उन पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि रीवा जिले में 133, सतना जिले में 56, मऊगंज जिले में 125, सिंगरौली जिले में 116 तथा सीधी जिले में 132 गांवों की नल-जल योजनाओं को रिवाइज किया गया है। इनके टेण्डर तत्काल लगाकर कार्य शुरू कराएं। जो निर्माण एजेंसी कार्य में लापरवाही बरत रही है उसे ब्लैकलिस्टेड करने के साथ कार्य से हटाएं। नए टेण्डर में भी लापरवाह निर्माण एजेंसियों को अवसर न दें। पूर्ण नल-जल योजनाओं को हैण्डओवर करने की कार्यवाही करें। पुनरीक्षित कार्यों के टेण्डर की कार्यवाही सात दिवस में पूरी करें। बैठक में कार्यपालन यंत्री संजय पाण्डेय ने बताया कि जिन नल-जल योजनाओं में टंकी का निर्माण होना है उन्हें छः माह में और जिनमें टंकी का निर्माण नहीं होना है उनमें तीन माह में पूरा कर लिया जाएगा। सभी कार्यों के टेण्डर की तैयारी कर ली गई है। संभाग में वर्तमान में संचालित 1461 एकल नल-जल योजनाओं से 4 लाख 600 घरों में नल कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया है। अब तक पूर्ण नल-जल योजनाओं से 3 लाख 6 हजार 626 नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। दिसम्बर माह तक शेष नल कनेक्शन का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री सिंगरौली त्रिलोक सिंह बरकड़े, मेकेनिकल रीवा बीएल कनेल, मेकेनिकल सतना ज्योति तिवारी, कार्यपालन यंत्री सतना श्वेतांक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर 14 जुलाई को करेंगे निर्माण कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद 14 जुलाई को सुबह 11 बजे से संभागीय बैठक में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में लोक निर्माण विभाग, पीआईयू तथा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में अति वर्षा तथा बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## कृष्ण कुमार शुक्ला इसरो में वैज्ञानिक के पद पर हुए चयनित



**रीवा।** रीवा के बी.बी.एस. मेमोरियल आजाद नगर से कक्षा 12वीं के छात्र रहें कृष्ण कुमार शुक्ला वर्ष 2025 में इसरो में बतौर वैज्ञानिक के पद पर चयनित हुए हैं। इन्होंनें अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई मैकेनिकल ब्रांच से की हैं। इनके पिता श्री पंकज शुक्ला और माता श्रीमती मनीषा शुक्ला सरकारी शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833